जब वह राष्ट्रीय सुरक्षा विधेयक के ऊपर कल बोल रहे थे तो उन्होंने एक बात कही थी। उसी को मैं उद्धृत करना चाहता हूं। बहराइच के कृषकों के साथ उनकी यह बात बिल्कुल सही उतरी है। कल उन्होंने कहा न कोई दलील, न कोई वकील और न कोई कोई अपील। न दलील, न अपील और न वकील वाली बात बहराइच के किसानों के साथ भी है। उनके कार्यकाल में बहराइच के ट्रैक्टर बहराइच में खड़े रहे, तेल था ईरान में और दाम आसमान में और हम सब थे हिन्दुस्तान में। मैं नहीं समझता कि अलंकारी भाषा बोलने वाले लोग सचमुच धरती पर उतरे हैं। भाषा से बहुत दिनों तक उन्होंने लोगों को बहकाने की नाकाम कोशिश की है। कृषकों को इन लोगों ने उकसाने का अच्छा मौका आज देखा है। लेकिन मुझे खुशी है कि उनका दल भी हम कृषकों के बारे में सोचने लगा है।

डागा जी से भी एक बात कहना चाहता हूं कि जब मैं पिछली बार बोल रहा था तो वह कहते थे कि कृषकों की बात छोड़ो श्रमिक की बात करो। मैं आशा करता हूं कि आज वह कृषक की तरह बात करेंगे और उपभोक्ता और कृषक को सामने रख कर बात करेंगे।

[श्री रणवीर सिंह]

हमारे मंत्री महोदय मन्त्री बाद में हैं, कृषक पहले हैं और आज उनके ऊपर देश के कृषकों का विकास निर्भर करता है। उन्हें एक काम करना है कि कहीं यह तथाकथित आन्दोलन उन नेताओं के हाथ में न चला जाये जिन्होंने हमेशा घड़ियाली आंसू बहाये और ऐसा न हो जाय कि स्वार्थी लोगों के हाथ में वह आन्दोलन चला जाय। इस बात का ध्यान मन्त्री जी अवश्य रखें।

श्री धनिक लाल मंडल (झंझारपुर) : मान्यवर, श्री चित्त बसु का प्रस्ताव जो किसानों को उनकी उपज के लिये लाभकारी दामों को दिलाने से सम्बन्धित है बहुत ही मौजू है। हमारे उस पक्ष के सदस्य बहुत जोर जोर से हमारी भर्त्सना करते रहे और अपनी स्तुति करते रहे। मैं कहना चाहता हूं कि आपने जो नीति चलायी उसका फल यह हुआ कि देश का ग्रामीण जीवन पहले से ज्यादा बिगड़ गया। उदाहरण के लिये जब अंग्रेज यहां से गये उस वक्त ग्रामीण अंचल की औसत आमदनी 198 रु0 थी और शहरी अंचल की आमदनी 408 रु0 थी। लगभग दुगने का फर्क था। लेकिन आज इतनी योजनाओं के बाद और आपकी गलत नीतियों के बाद ग्रामीण अंचल की आमदनी 198 रु0 से घटकर 196 रु0 हो गयी जब कि शहरी अंचल की आमदनी 408 रु0 से बढ़ कर 918 रु0 हो गयी, यानी चौगुनी का फर्क हो गया। आप अपनी पीठ थपथपा लीजिये कि आपकी नीति का फल यह हुआ कि ग्रामीण और शहरी अंचल की आमदनी का फर्क दुगने से बढ़ कर चौगुना हो गया। और भी एक कारण है, अंग्रेज जब यहां से गये थे उस समय ग्रामीण अंचल में गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की संख्या लगभग 39 प्रतिशत थी जो आज बढ़ कर 66 प्रतिशत से अधिक हो गयी।

15.25 hrs

[SHRI HARINATH MISRA *in the Chair*]

महोदय, ग्रामीण अंचल में गरीबी की रेखा के नीचे रहने वालों की संख्या 39 प्रतिशत से बढ़ कर 66 प्रतिशत हो गई। आप और देखिए इसमें क्या फर्क है—गांव में रहने वालों की आमदनी—खेत मजदूर को ले लीजिए—खेत मजदूर की आमदनी 2.50 रु0 से 3 रु0 होती है। यदि पांच आदमियों का एक परिवार मान लिया जाए, तो 60 पैसे प्रति व्यक्ति उसकी आमदनी है। मैं बड़े बड़े किसानों, खेत मजदूरों, मार्जिनल फार्मर्स, स्माल फार्मर्स, मध्यम फार्मर्स—सभी को ले लेता हूं। बड़े किसानों की आमदनी 10 रु०, 15 रु0 से अधिक नहीं होती है रोजाना की। लेकिन शहर में रहने वालों की, इण्डस्ट्रीयलिस्ट्स, बीजनेसमैन, डाक्टर्स, प्रोफेसर, लायर्स —ये सारे लोग और आपके जैसे पोलोटीशियन्स—जिनका गांवों से कोई वास्ता नहीं रह गया है, वोट लेकर चले आए हैं, जो अब शहर वाले बन गए हैं, यदि इन की आमदनी को ले लिया जाए, तो लाखों लाखों में है। यह है गांव और शहर में रहने वालों में फर्क।

आज खेती और गांव की उपेक्षा हुई है। मैं माननीय मन्त्री जी का बड़ा आदर करता हूं। मैं यह भी जानता हूं कि सचमुच में किसानों के लिए उनके दिल में दर्द है। यह मैं अनुभव करता हूं, यह मुझे इनकी बातों से लगता है। मैं इनकी बात नहीं कर रहा हूं। आज तक जो नीतियां चलीं और बातें होती रहीं, गांवों में बसिए, शहर की तरफ मत जाइए, खेती में सुधार कीजिए, प्रोडक्शन बढ़ाइए, पैदावार बढ़ाइए—लेकिन हुआ क्या? हुआ यह कि शहर का पैसा तो शहर में लगता ही रहा और गांव का पैसा भी शहर में लगता रहा, गांव में नहीं लगा। कारण यह है कि खेती में मुनाफा नहीं रहा। यह दुनिया का नियम है, केवल हिन्दुस्तान का ही नहीं, कि पैसा वहीं जायेगा, जहां पैसे का रिटर्न होगा। चूंकि खेती में मुनाफा नहीं रहा, इसलिए पैसा खेती में नहीं लगा रहे हैं। बड़े किसानों के पास जो पैसा है वे भी शहर में आकर दूसरे धन्धों में लगाते हैं, खेती में

नहीं लगाते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि ऐसा क्यों हुआ? ऐसा इसलिए हुआ कि खेती में मुनाफे की चीज नहीं रही। मैं कहना चाहता हूं कि आप इण्डस्ट्री वालों का मुनाफा देख लीजिए और खेत में काम करने वालों का मुनाफा देख लीजिए...

आचार्य भगवान देव (हजारीबाग) : आप लोगों ने ढाई साल में क्या किया आप ने गांव की खेती कभी देखी है, आप गांव में कभी गए हैं?

श्री धनिक लाल मंडल : आप शास्त्री जी जरा दिमाग ठण्डा रखिए। आपको पता नहीं है, खेती क्या होती है। हम किसान हैं। अभी माननीय सदस्य, श्री चित्त बसु कह रहे थे...

श्री रामावतार शास्त्री (पटना) : सब को शास्त्री मत बनाइए।

श्री धनिक लाल मंडल : मूर्ख शास्त्री होंगे।

आचार्य भगवान देव : ढाई साल में क्या घास काटी है।

श्री धनिक लाल मंडल : अभी जैसा माननीय सदस्य ने कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि खेत में जो पैदावार होती है, उसका लाभकारी दाम उनको नहीं मिलता है। इसको उन्होंने प्रूव भी कर दिया है। मंत्री जी इस बात से सहमत हों या नहीं, लेकिन उसको लाभकारी दाम नहीं मिलता है। लेकिन जो इन्डस्ट्रीज में लगे हुए हैं, यदि उनकी तरफ देखा जाए कि उनका कितना प्रतिशत प्रोफिट है, तो वह 100 प्रतिशत, दो सौ प्रतिशत और 300 प्रतिशत होता है। यह आप की पालीसी का नतीजा रहा है। अभी माननीय सदस्य श्री चित्ता बसु जी ने तीन बातें कहीं और वे तीनों बहुत महत्वपूर्ण हैं। एक बात तो यह कि कृषि और उद्योग का क्या रिश्ता होना चाहिए? टर्म्ज आफ ट्रेड क्या होने चाहिए? दूसरी बात-खेती से जो चीजें पैदा होती हैं उन का लाभकारी दाम मिलना चाहिए। टर्म्ज आफ ट्रेड बैलेंस्ड होने चाहिए। कृषि-जन्य पैदावार के दाम और कल-कारखानों में पैदा होने वाली वस्तुओं के दामों में समन्वय होना चाहिए, पैरिटी होनी चाहिए। तीसरी बात-कृषि जन्य पैदावार के दामों में जो उत्तार-चढ़ाव होता है उस को रोका जाना चाहिए। होता क्या है—फसल कटने के वक्त चीजों के दाम नीचे चले जाते हैं, लेकिन जब वह सामान किसान के घर से व्यापारियों के घर में चला जाता है, आढ़तियों के पास पहुंच जाता है, जिन का आप होर्डर्ज कहते हैं, ब्लैक-मार्केटियर्स कहते हैं, जब उन के पास पहुंच जाता है तो इस के दाम बढ़ जाते हैं। इस पर नियन्त्रण होना चाहिए। यह बात बिल्कुल सही है कि आप ने इस पर भी ध्यान नहीं दिया।

मैं कृषि मंत्री जी से पूछना चाहता हूं—हम लोग बारबार इन बातों की तरफ आप का ध्यान दिलाते रहे हैं—जब हम ने कहा कि टर्म्ज आफ ट्रेड किसान के खिलाफ जा रहा है, तो आप ने आश्वासन दिया कि हम ने इस की ओर ए० पी० सी० का ध्यान खींच दिया है कि वह इस बात को ध्यान में रखे। उस के बाद जब हम ने आप से कहा कि इन्पुट्स के दाम बढ़ रहे हैं, तब भी आप ने कह दिया कि हम ने ए० पी० सी० का ध्यान इस ओर खींचा है कि वह इस फैक्टर को भी ध्यान में रखे। उस के बाद हम ने सरकार का ध्यान खींचा कि किसान जिन चीजों का उपयोग करता है, जैसे डीजल, सीमेंट, लोहा, इन सब के दाम बढ़ गए हैं,

[श्री धनिक लाल मंडल]

तब फिर आप ने वही जवाब दिया कि इन की ओर ए० पी० सी० का ध्यान खींच दिया गया है। हम ने हर बात को समय-समय पर उठाया, लेकिन आप वही जवाब देते रहे, परिणाम क्या निकला ?

मैं एक बात और कहता हूं--आप खेती की साइकल को देखिए--दो साल अच्छी फसल होती है और तीसरे साल फसल मारी जाती है, कहीं-कहीं पर चौथे साल ऐसा होता है, लेकिन हमारे उत्तर बिहार में, जहां से कि मैं आता हूं, हर तीसरे साल सूखा और अकाल पड़ जाता है। इस की ओर भी हम ने कृषि मंत्री जी का ध्यान दिलाया, उन्होंने फिर वही जवाब दे दिया कि इस के लिए भी ए० पी० सी० को कह दिया गया है।

हमारा किसान पूरा समय खेत में काम करता है। अभी हमारे लकप्पा साहब बड़े जोरशोर से कह रहे थे—हमारा किसान गर्मियों में भरी दोपहरी में और सर्दियों में दिसम्बर के महीने में जब कड़ाके की सर्दी पड़ रही होती है, खेतों में काम करता है। दिन को दिन नहीं समझता और रात को रात नहीं समझता। सब प्रकार के रिस्क उठाता है, इतनी मेहनत के बावजूद भी यदि वह अपना जीवन-यापन न कर सके, तो यह कितने दुख की बात है। मैं आप से पूछता हूं—क्या आप ने कभी किसान को देखा है, उस की बीवी को देखा है—उस के बदन पर कपड़े नहीं होते, उस के बच्चों के शरीर पर कपड़े नहीं होते, पेट भर खाने को नहीं होता, फिर भी वह उस में लगा रहता है। आप की सरकार द्वारा नियुक्त कमीशन ने कहा है कि इस देश में गांवों में रहने वाले 20 परसेन्ट किसान ऐसे हैं जो "लोएस्ट-इन्कम ग्रेकेट" में आते हैं और उन की संख्या साढ़े-ग्यारह करोड़ होती है। उन सब की सम्पत्ति, कुल ऐसेट्स, बिड़ला की सम्पत्ति से कम हैं—यह है आप का समाजवाद। यह आपका समाजवाद है और यह है आपकी योजना। जब हम मंत्री जी से कहते हैं कि वह पूरा का पूरा दिन काम करता है, खेत में, उसको भी भर-पेट खाने को मिले, कपड़ा मिले, घर मिले, दवा मिले, शिक्षा मिले, इस सब को भी जोड़िए तो हमारे मंत्री जी कह देते हैं कि हमने वह भी कह दिया है, इसको भी ध्यान में रखा जाएगा, हमारे मंत्री जी किसी बात से इन्कार नहीं करते, यह तो है कि कम से कम इस बात को तस्लीम तो करते हैं, इसकी हमें खशी है।

सभापति महोदय : आपकी शिकायत क्या है ? ...(व्यवधान)...

श्री धनिक लाल मंडल : : शिकायत यह है कि इनकी कोई बात नहीं सुनी जा रही है। चाहे ए० पी० सी० में धान की कीमत तय की गई, चाहे गेहूं की कीमत तय की गई या कपास की या गन्ने की, सारी चीजों का हवाला माननीय चित्त बसु जी ने कर दिया है, हमें विशेष रूप से कहने की जरूरत नहीं है।... (व्यवधान)... महोदय मैं कह रहा था कि किसानों को लूट कर खाने वाले लोग ... (व्यवधान)... मैं बता रहा था कि इन सारी चीजों की ओर बार-बार इनका ध्यान खींचा गया लेकिन ये नहीं सुन रहे हैं, मैं प्रमाण देता हूं—जैसे सारी बातें हुई। आप गन्ने के दाम को ले लीजिए, 13 रुपए प्रति क्विंटल तय हुआ, ए० पी० सी० ने 13 रुपए प्रति क्विंटल तय किया, इनकी सरका है कर्नाटक में, श्री गुण्डुराव की सरकार है,

जब किसानों ने आंदोलन किया, जबरदस्त आंदोलन किया तब गुण्डुराव साहब को झुकना पड़ा और गन्ने के दाम उन्होंने 172 रुपए बीस पैसे प्रति टन कर दिया। धान की कीमत 105 रुपए से बढ़ाकर 120 रुपए की, वह उनकी सरकार है। तमिलनाडु की बात करते हैं, वहां की सरकार ने 175 रुपए प्रति टन गन्ने की कीमत तय की। जहां 8.5 प्रतिशत सुगर केन से चीनी निकलती है, उस हिसाब से वहां दाम रखा 175 रुपए प्रति टन और जैसे-जैसे यह प्रतिशत बढ़ता रहेगा, गन्ने की कीमत बढ़ती रहेगी।

अभी महाराष्ट्र में जो हुआ, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि जहां के किसान आंदोलन करते हैं वहीं यह सरकार कुछ न कुछ डोज किसानों को दे देती है। हमारा बिहार है, जहां से आप आते हैं, हमें लोगों का क्या हाल है ? हमारे और आपके जिले में गन्ने का क्या दाम है, धान का क्या दाम है ? गुण्डुराव की सरकार से किसानों ने आंदोलन करके ले लिया, तमिलनाडु में भी किसानों ने ले लिया, महाराष्ट्र के किसान भी आंदोलन कर रहे हैं, उनको भी कुछ मिलेगा, लेकिन जो उत्तर-प्रदेश और बिहार के किसान हैं उनके साथ ये क्या व्यवहार कर रहे हैं ?

सभापति महोदय : आप ज्यादा समय मत लीजिए।

श्री धनिक लाल मंडल : अभी तो मैंने कुछ भी नहीं कहा। मेरा समय तो इन्होंने ले लिया। ये डिस्टर्ब करते हैं।

सभापति महोदय : आप डिस्टर्ब होते क्यों हैं ?

श्री धनिक लाल मंडल : जहां किसान आन्दोलन कर रहे हैं वहीं तो आप कुछ न कुछ कीमत बढ़ा रहे हैं लेकिन जहां वे नहीं कर रहे हैं वहां के किसानों के लिए आप कुछ नहीं कर रहे हैं। इसका फल यह हो रहा है कि पूरे देश में किसानों के आन्दोलन की लहर फैलती जा रही है उत्तर प्रदेश और बिहार की अब बारी है। उत्तर प्रदेश में यह शुरु हो गया है और बिहार के किसानों ने भी आप कान खोल कर सुन लें आन्दोलन शुरू करने का नारा दे दिया है और वहां भी दामों के लिए किसान आन्दोलन शुरू हो जाएगा। जार्ज फरनैंडीस और हम सब किस लिए है ? किसानों की आवाज नहीं उठाएंगे तो किस की उठाएंगे ? इस सवाल को हम उठाएंगे, जोर से उठाएंगे, इसको आप कान खोल कर सुन लें। यदि यही आपका रवैया रहा तो पूरे देश में आन्दोलन होगा। विभिन्न वर्गों के लोग खास कर जो खेती करने वाले लोग हैं जिन की संख्या अस्सी प्रतिशत गांवों में है और जिन में से 72 प्रतिशत किसान हैं और जो देश का सब से बड़ा चेक है वह आन्दोलन अवश्य करेगा और जो अन्याय उसके साथ आज तक हुआ है उस अन्याय को वह आगे चलने नहीं देगा।

ये सबसिडी की बात करते हैं। इनके राज्य को तीन भागों में बांटा जा सकता है। 1964 से पहले का भाग, 1964 से 1972 तक और 1972 के बाद का समय मंत्री जी कहते हैं कि 1250 करोड़ की सबसिडी जो फर्टिलाइजर पर दी जाती थी उसको घटा कर उन्होंने 580 करोड़ कर दिया है। छः सौ करोड़ के लिए इतना बड़ा तूफान देश में खड़ा कर दिया गया है। आप किसानों को ही दी जाने वाली सबसिडी की बात करते हैं। लेकिन आप प्लानिंग को देखें, सरकार को देखें, इंडस्ट्री को देखें, उनको पूरी की पूरी सबसिडी नहीं दी जाती है तो क्या दिया

[श्री धनिक लाल मंडल]

जाता है ? अखबारों में निकला है कि 169 पब्लिक सक्टर अंडरटेकिंग घाटे में चल रहे हैं—

सभापति महोदय : आप भी इस तरह के पद पर रह चुके हैं । आपने 25 मिनट ले लिए हैं । अब आप समाप्त करें ।

श्री धनिक लाल मंडल : खाद के दाम इनकी नीति की वजह से बढ़े हैं । दूसरी चीजों के दाम भी इनकी नीती की वजह से बढ़े हैं । हमारे कामों की वजह से नहीं बढ़े हैं ।

यह कहा जाता है कि किसान को दाम अधिक दिए जायेंगे तो उससे इनफ्लेशन बढ़ जाएगी, किसान की चीजों के दाम बढ़ाएं जाएंगे तो मुद्रा स्फीति बढ़ जाएगी । जो अर्थ व्यवस्था है इस में किसान भी हैं, दूसरे लोग भी हैं । केवल किसान की बात जब होती है तो कह दिया जाता है कि इनफ्लेशन हो जाएगी । लेकिन जब दूसरों की बात होती है तो ऐसा कुछ नहीं कहा जाता है । खुद सरकार किस तरह से इनफ्लेशन करती है, प्लानिंग कमिशन करती है उसको भी आप देखें । किसान का गेहूं 117 रुपए में बिकता है और कंज्यूमर्ज को वह 138 रुपए पर दिया जाता है । उस में जो घाटा होता है उसको वह दिया जाता है कि वह किसान को सबसिडी दी जा रही है । यह किसान को सबसिडी देना है या कंज्यूमर को ? मैं मांग करता हूं कि गन्ने का दाम तीस रुपए होना चाहिए और यह बिल्कुल वाजिब मांग है । धान का दाम कम से कम 125 रुपए होना चाहिए और यह भी बिल्कुल वाजिब मांग है । की गेहूं 145 रुपए की जो मांग है यह भी बिल्कुल वाजिब मांग है और इन मांगों को आपको मान लेना चाहिए ।

श्री शिव कुमार सिंह ठाकुर (खंडवा) : सभापति जी, अभी माननीय मंडल जी मगर के आंसू बहा रहे हैं मगर के आंसू के शासन में गृह राज्य मंत्री रहे और श्री चरण सिंह जी अपने आपको किसानों का नेता कहते थे । जनता पार्टी किसानों की पार्टी थी, हलधर किसान और चक्कर में फसा हुआ किसान ।

सभापति महोदय : आपने शक्कर कहां या चक्कर कहा ?

श्री शिव कुमार सिंह ठाकुर : चक्कर में फंसा हुआ किसान । मेरा आरोप है कि जनता पार्टी ने किसानों की हत्या की है । हमारे कांग्रेस शासन में कपास के दाम 450, 500 रु0 प्रति क्विंटल मिलते थे, लेकिन जनता पार्टी के शासन में 200, 250 रु0 मिले । हमारे कांग्रेस शासन में गन्ने का दाम 12, 13 रु0 प्रति क्विंटल था, जबकि जनता पार्टी के शासन में 6 रु0 क्विंटल मिले दाम । क्या हक है आपको अपने को किसानों का हमदर्द कहने का ? आपके शासन में गेहूं, धान, कपास, गन्ने का उचित दाम नहीं मिला । मेरा आरोप है कि किसानों की सबसे ज्यादा हत्या जनता पार्टी ने की और मंडल जी उस समय आप उसके नेता थे ।

मैं जानता हूं कि आज हमारे किसानों को रेम्यूनरेटिव ग्राइस नहीं मिल रही है । मैं भी एक किसान हूं, आज गांवों और शहरों में अन्तर आ रहा है, शहरो में चमकीली सड़कें और ब्यूटी पार्लर हैं, लेकिन दूसरी ओर गावों में सड़कें नहीं, किसान के तन पर कपड़ा नहीं, दो वक्त खाने को रोटी नहीं । आज गांव का किसान परेशान है । अगर किसान परेशान है तो हिन्दुस्तान परेशान है । माननीय चित्त बसु के प्रस्ताव की जो भावना है, हमारी पार्टी उसके लिये काम

कर रही है । लेकिन आपकी भावना गलत है, आप किसान के नाम पर देश की जनता को भड़काना चाहते हो और देश में अशांति का वातावरण बनाना चाहते हो, आपका केवल राजनीतिक स्वार्थ है । आज देश की जनता इंदिरा जी की ओर नजर लगाये हुए है परन्तु हमारे काम करने में विरोधी दल जो रुकावटें डालते हैं यह उचित नहीं है । मैं पूछता हूं कि आपके शासन में क्या रेट थे ? 1980–81 के लिये हमारे शासन ने धान की 105 रु० प्रति क्विंटल सपोर्ट प्राइस तय की, जबकि आपके शासन में 95 रु० थी । इसी तरह गन्ने की हमने 13 रू० रखी , और आपके शासन में 12.50 रु० प्रति क्विंटल रखी गई वह भी आप किसान को नहीं दिला सके। मूंगफली की सपोर्ट प्राइस हमने 206 रु० रखी जबकि आपके शासन में 190रू० थी । सोयाबीन की सपोर्ट प्राइस 183 हमने रखी, आपके शासन में 175 रु० रही । पीला सोयाबीन की सपोर्ट प्राइस हमने 198 रु० तय की, आपके शासन में 175 रु० रही । सूरजमुखी की 183 रू० हमने रखी लेकिन आपके शासन ने 175 रु० प्रति क्विंटल तय की थी । कपास का भाव 304 रु० क्विंटल फिक्स किया है और आपके शासन ने 275 रू० फिक्स किया था । हमने गेहूं का भाव 135 रू० क्विंटल फिक्स किया है और आपके शासन ने 105 रु० क्विंटल फिक्स किया था– आपकी कथनी और करनी में फर्क है । इसलिए हिन्दुस्तान की जनता आपको नहीं चाहती है और हिन्दुस्तान की जनता श्रीमती इंदिरा गांधी को चाहती है । ये मगरमच्छ के आँसू और ये आप के आन्दोलन हम सब समझते हैं । मैं कहता हूं कि ये टिक नहीं पायेंगे । इस तरह से आप हिन्दुस्तान की भोली-भाली जनता को भड़का कर, आप टिक नहीं सकते हैं ।

मैं आपके द्वारा माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि यदि आज हम शहर और गांव की आय में तुलना करेंगे, तो उसका अन्तर बहुत बढ़ता जा रहा है । सन् 1950–51 में हमारी जनसंख्या 36 करोड़ थी, जिनमें से 30 करोड़ लोग शहरों में थे और 6 करोड़ लोग यगांव में रहते थे, उनकी आय में 3.5 गुने का अन्तर था । 1960–61 में शहर और ग्रामीण लोगों की आय में चार गुना का अन्तर हो गया तथा इसी प्रकार से 1970–71 में 4.5 गुना का अन्तर हो गया और 1978 में 6 गुना का अन्तर हो गया–इसका कारण क्या है ? इसका कारण यह है कि हमारे किसानों को जो उनकी पैदावार का पैसा मिलना चाहिए, वह लाभ जो उनको मिलना चाहिए, वह मलाई उनको नहीं मिलती है। गन्ना वह पैदा करता है, मलाई शुगर इन्डस्ट्री वाले खा जाते हैं । मुंगफली वह पैदा करता है और मलाई मिल वाले खा जाते हैं । कपास वह पैदा करता है और मलाई टैक्सटाइल मिल वाले खा जाते हैं । मैं आपसे कहना चाहता हूं कि देश में समाजवाद तभी आ सकता है, जब किसानों को उसकी मेहनत का, उसको परिश्रम का, उसके उत्पादन का हम उसको सही पारिश्रमिक दिलवायेंगे । मैंने शोलापुर और इच्छलरारंज महाराष्ट्र में देखा है कि वहां पर कोआपरेटिव द्वारा लोगों ने बहुत काम किया है और गुजरात में भी लोगों ने कोआपरेटिव में बहुत काम किया है जो कि काबिले तारीफ है और उनके चरणों में सिर झुकाने की इच्छा होती है । आज किसानों को कोआपरेटिव सैक्टर में लगाकर, उनके द्वारा जो उत्पादित माल है, उसका उसको मालिक बनाकर जो मलाई है, वह उसको दी जा रही है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी और प्रधान मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि देश में समाजवाद लाने

[श्री शिव कुमार सिंह ठाकुर]

को केवल एक ही रास्ता है और वह यह है कि इन्डस्ट्रीज का मालिक भी किसानों को बना दिया जाए और जो मलाई है वह तभी किसानों को मिल सकती है, यदि हम उनको इन्डस्ट्रीज का भी मालिक बना दें। इसके अलावा और कोई रास्ता नहीं है समाजवाद लाने का।

सभापति महोदय :– जरूरत से ज्यादा मलाई मत दीजिए। इससे बीमारी बढ़ सकती है।

श्री शिव कुमार सिंह ठाकुर : सभापति महोदय, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि डीजल की कीमतें बढ़ गई है, इन्सैक्टिसाइड की कीमतें बढ़ गई है, हमारा किसान कर्ज में डूबा हुआ है, इसलिए हमको उसके उत्पादन की ऐसी कीमतें देनी चाहिए, जिससे कि वह राहत की सांस ले सकें। जिससे कि वह दुगने उत्साह के साथ दुगुनी चीजें पैदा कर सकें। कभी सूखा पड़ता है और कभी बाढ़ आती है, ऐसी स्थिति में क्रॉप का इंशोरेंस न होने के कारण किसान को बड़ा नुक्सान उठाना पड़ता है। वह मेहनत भी करता है, लेकिन उसका फल उसको नहीं मिलता है और कभी कभी तो भगवान भी उसका साथ नहीं देता है इस प्रकार की स्थिति में हमारे विरोधी दल के सदस्यों ने जैसा कहा, मैं उससे बिल्कुल सहमत नहीं हूं। मेरा यह निवेदन है कि यदि हम सपोर्ट प्राइस को बढ़ायेंगे तो जो दूसरा सामान है, जैसे सीमेन्ट लोहा, इन सब की कीमते भी बढ़ेंगी। ट्रांसपोर्ट की कीमत तो बढ़ ही रही है। इस सब से वेतन भोगी लोग भी मांग करेंगे कि कीमतें बढ़ गई है इसलिये वेतन बढ़ाइये और परिणाम यह होगा कि देश में इन फ्लेशन का दुश्चक्र फैल जायगा। मैं आपके माध्यम से एग्रीकल्चर मिनिस्टर साहब से निवेदन करता हूं —सपोर्ट प्राइस न बढ़ाइये, बल्कि इनपुटस की जो कीमतें है, खाद की कीमतें है इनको कम कीजिये या सब्सिडाइज कीजिये, ब्याज की दर कम कीजिये। महाराष्ट्र में ब्याज माफ किया गया है–छोटे और मध्यम किसानों का, इस से बहुत राहत मिली है, इसी तरह की सुविधा हमें अन्य स्थानों के किसानों को भी देनी चाहिये, जिससे उन को एक बार फिर नया जीवन जीने का मौका मिल सके और वे अपने पैरों पर खड़े हो सकें।

मैं बहुत सी बाते कहना चाहता था, लेकिन घन्टी बज गई है...

सभापति महोदय : आप दो मिनट में सूत्र रुप में कह दीजिये।

श्री शिव कुमार सिंह ठाकुर: आज हमारी कृषि उपज मंडियों में कोई नियंत्रण नहीं है हमारे किसानों को ठीक समय पर पेमेन्ट नहीं होता है। नियम यह है कि पेमेन्ट 24 घंटे के अन्दर हो जाना चाहिये, किताबों में लिखा भी है, लेकिन मंडी समितियों के पास कोई प्रभावी अधिकार नहीं है कि जिस भाव पर किसान का माल बिका है, नीलाम हुआ है, उस की कीमत 24 घंटे के अन्दर उसको मिल जाय। इस के लिये कोई उचित व्यवस्था होनी चाहिये।

अन्त में मैं एक शेर कहकर अपना भाषण समाप्त करूंगा—

रफ्ता-रफ्ता आजायेगी इजहारे-
जजबात का ढंग

ताजा-ताजा दर्द उठा है पहला-पहला
रोना है।

श्री बालासाहेब विखे पाटिल (कोपरगांव) : सभापति महोदय, आपने वक्त दिया,

इसके लिये आभारी हूं। इस प्रस्ताव को रखने वाले का भी इसलिये अभिनन्दन करता हूं कि इस दफा उन्होंने कन्ज्यूमर का कोई जिक्र नहीं किया। जब वह बाहर जाकर बोलते है तो कहते है कि दाम कम होना चाहिये, लेकिन जब हाउस में आते है तो कहते है कि दाम बढ़ना चाहिये। इस तरह की दोहरी नीति चलाते हैं। बाहर जाते है तो कहते है कि वेतन बढ़ना चाहिये, इन्फलेशन का रेट बढ़ गया है, लेकिन मुझे खुशी है कि इस बार वे इन सब बातों को भुला कर किसान के पास आये है। पहले तमाम अपोजीशन के लोग जब भी किसान का सवाल आता था, कहते थे कि कन्ज्यूमर के दाम बढ़ जायेगें, जिस को वह सहन नहीं कर सकेगा, लेकिन इस दफा उन्होंने अपनी नीति बदल दी है।

मेरी सरकार से एक विनती है—उत्पादन खर्च को कम किया जाना चाहिये प्रश्न यह है कि कैसे कम किया जाये? दाम बढ़ाने की मांग हम भी करते हैं, लेकिन दाम बढ़ाने से काम नहीं चलेगा उत्पादन खर्च में यदि हम कुछ कमी कर सकें तो कन्ज्यूमर को, वेतन पाने वालों को राहत मिल सकती है। मैं चीनी की बात को लेता हूं—इस में सरकार प्रोवयोरमेन्ट कर रही है। लेकिन जब धान के व्यापार के राष्ट्रीयकरण की बात आई थी तब आप देखिये, किस-किस ने विरोध किया था? इसलिये कि इस में दलाल और आढ़ती फायदा उठात थे। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जब तक इस का राष्ट्रीयकरण नहीं होगा, काम नहीं चलेगा, इसके राष्ट्रीयकरण से ही किसानों को सही दाम मिल सकेगा और दलालों और आढ़तियों की जेब में जो पैसा जाता है, वह नहीं जा सकेगा।

यहां पर ए०पी०सी० का जिक्र किया गया। मैं भी इस कमीशन को मानने के लिये तैयार नहीं हूं न यह एडमिनिस्ट्रेटिव बाडी है और न यह कानून के मुताबिक है। इस में परिवर्तन करना चाहिये। मैंने इसके बारे में एक बिल भी दिया है। एक बिल मैंने कम्पलसरी अप इंक्रीमेंट के बारे में दिया है। मैं ऐसा महसूस करता हूं कि जब तक इस को कानूनी रूप नहीं दिया जायेगा तब तक काम नहीं चलेगा। आप देखिये—ए०पी०सी० ने पैडी और कोर्स राइस के लिये 95 रुपये का भाव तय किया, बाद में सरकार ने उसको 105 रुपये कर दिया। हिन्दुस्तान में क्लाईमेटिक कण्डीशन हर जगह की अलग-अलग है, कहीं पर बाढ़ है, काफी पर सूखा है, कहीं ज्यादा पानी बरसता है—इसलिये हर जगह उत्पादन खर्च भी कम और ज्यादा होता है आप को उनके उत्पादन खर्च को दृष्टि में रखकर कीमतें तय करनी चाहिये। मैं चीनी मिलों का जिक्र नहीं करना चाहता हूं। क्योंकि चीनी के मामले में एक्साइज ड्यूटी इम्वाल्व्ड है, उस का ढांचा अलग है, लेकिन मैं यह जरुर चाहूंगा कि जहां उत्पादन खर्च कम या ज्यादा है उस में पैरिटी लाने की जरुरत है। क्योंकि चीनी का एक्साइज ड्यूटी और उनका ढांचा अलग होता है, लेकिन मैं यह जरूर चाहूंगा कि जहां उत्पादन खर्च में कमी जरूरी है वहीं उसमें पैरिटी लाना भी जरूरी है। जब हम खुद ही सेल्फ रिलेयंस की तरफ जा रहे हैं, जब तक हम उसके उत्पादन खर्च को कम नहीं करते, उसको पैदावार में घाटा होगा। छोटे किसान के लिए, जिसको पैदावार में घाटा होता है, उसके लिए हम क्या सोच रहे हैं। मैं तो यह समझता हूं कि कैपिटल इंसेंटिव इंडस्ट्रीज हैं, इसमें ज्यादा पैसा लगाने से पैदावार बढ़ती है। छोटे किसान के ब्याज को कम कर दीजिए, ऋण दीजिए, ब्याज न लीजिए, जब उसकी रीपेइंग कैपेसिटी आ जाए तब वह वापस करेगा, ऐसी व्यवस्था की जाए। जब तक इन बुनियादी बातों

[श्री बालासाहेब विखे पाटिल]

को नहीं समझा जाएगा, तब तक काम नहीं चलेगा । लोकप्रियता की वजह से कोई आंदोलन शुरु कर दें, हम भी उनके साथ चलें और श्रेय ले लें, इससे काम नहीं चलेगा । इसलिए मैं मांग कर रहा कि ए० पी० सी० में भी पूरा परिवर्तन होना चाहिए, क्योंकि हमारा 60 प्रतिशत किसान खुद ही कंज्यूमर है, 25 प्रतिशत किसान अपने लिए जितना लगता है, उतना ही पैदा कर सकता है, ज्यादा नहीं, 15 प्रतिशत किसान ज्यादा पैदा करता है और केवल 5 प्रतिशत किसान स्टोर कर सकता है, 10 प्रतिशत तो ऐसा है जो घर की कठिनाइयां होती हैं उनको पूरा करने के लिए बेचता है । असल में आप देखें तो 90 प्रतिशत किसान खुद कंज्यूमर बन जाते हैं, इसलिए मेरा यह सुझाव है कि उसके उत्पादन खर्च को कम किया जाए तभी काम बन सकता ।

16.00 hrs.

कर्जा वितरण प्रणाली में भी आपको पूरा परिवर्तन करना पड़ेगा । रीहैब्लीटेशन किसान का होता है, उससे काम नहीं चलता, जिस सही ढंग से यह होना चाहिए था उस ढंग से रिजर्व बैंक ने नहीं किया, उससे डिफाल्टर्स बन जाते हैं, सूखा पड़ता है, बाढ़ आती है, और भी बातें होती हैं, जिससे वे डिफाल्टर्स बन जाते हैं । एक आर्टिकल मैंने अखबार में पढ़ा है, उसमें एक इकनामिस्ट ने लिखा है कि भारत सरकार ने धान का दाम बढ़ाकर 105 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है, इससे इन्फ्लेशन बढ़ेगा, अगर आपको किसान से ज्यादा प्यार है तो आप उसके खिलाफ क्यों नहीं बोलते । आज जो मूवमेंट चल रहा है, जो हवा चल रही है, उसका आप राजनीतिक लाभ उठाना चाहते हैं ।

महाराष्ट्र के बारे में बोलते हैं, मैं कहना चाहता हूं कि जो कर्ज रिटन आफ किया है वह महाराष्ट्र सरकार की तिजोरी में गया है । वहां के लोग जितना पैसा देते हैं उससे गवर्नमेंट को री-पेमेंट किया है । जब तक हम अन-इकनामिक होल्डिंग के लिए नहीं सोचते, दूसरा कोई रास्ता नहीं ढूंढ़ते, किसान के खर्चे में जब तक कमी नहीं करते तब तक समस्या का हल नहीं हो सकता ।

महाराष्ट्र आंदोलन के बारे में कहा गया । मैं थोड़ी सी उस बारे में जानकारी देना चाहता हूं । चित्त बसु जी ने कहा कि चीनी मिलों ने काफी पैसा कमाया, आपको जानकारी होगी, लेकिन मैं भी आपको बतलाता हूं कि सब चीनी मिलों से 450 रुपए में, बाहर ज्यादा दाम होते हुए भी पूरी चीनी सरकार ने ले ली और सरकार ने वह चीनी कुछ राज्य सहकारी समितियों के द्वारा, कुछ फेयर प्राइस शाप्स के द्वारा, कुछ निजी व्यापारियों के द्वारा वितरित कर दी । पूरी चीनी सरकार को देने के बावजूद कहा जाता है कि नफा कमाया है, सुगर मैगनेट बन गया है ।

दूसरी बात यह कही गई कि लेवी की चीनी 2.85 रुपए प्रति किलो से बढ़ कर 3.50 रुपए प्रति किलो हो गई है । जब गन्ने का दाम आप बढ़वाना चाहते हैं तो चीनी के दाम बढ़ाए बगैर गन्ने के दाम कैसे बढ़ाए जा सकते हैं ? लैवी शूगर के अलावा जो फ्री सेल शूगर होती है, यह जो अनि-यंत्रित चीनी होती है उसका पूरा दाम किसान के पास जाना चाहिये । 100 realisation from the freesale sugar should be passed on to the cane-growers and not to the mill owners.

सुब्रह्मण्यम साहब ने 1976 में एक शूगर केन कंट्रोल आर्डर में एमेंडमेंट किया था और कहा था कि 50 परसेंट चीनी मिलों के पास रहे और पचास परसेंट किसानों के पास जाएगी । जब आप लैवी शूगर के दाम बढ़ाते हैं तो जो डिप्रिशिएशन होता है, जो ओवर हैड्ज होते हैं, रिपेयर्ज इनक्ल्यूडिंग इंटरेस्ट होता है उस सब के लिए तो उन्होंने प्रोवाइड कर ही लिया होता है तो फिर क्यों न पूरा दाम किसान को मिले ? इन मदों में कितने रुपये रखे जाएंगे यह चीनी मिलों के हाथ में आपने छोड़ा है । मनमाने ढंग से वे इसको कर देती है । कोई 20 रुपये, कोई 25 रुपये, कोई 17 रुपये एनाउंस कर देती है । इस वास्ते मैं समझता हूं कि शूगर केन कंट्रोल आर्डर में अब एमेंडमेंट इसके बारे में करना जरूरी हो गया है ।

The total realisation from the free sale sugar should be passed on to the cane growers.

ऐसा आपने किया तो किसानों को न्याय मिलेगा । चीनी मिल मालिक तरह तरह की कठिनाइयां किसानों के सामने पैदा करते हैं । पिछली बार हमने देखा कि गन्ने को लेने वाला कोई नहीं था और हमारे इलाके में लोगों के गन्ने को खेतों में जलाया । उस वक्त किसान की हालत क्या हुई होगी इसका अंदाजा आप लगा सकते हैं ।

पिछले तीन सालों में महाराष्ट्र सरकार ने और भारत सरकार ने कपास के दाम कितने बढ़ाए हैं, यह भी आपको नहीं भूलना चाहिए । भारत सरकार ने कम और महाराष्ट्र सरकार ने बहुत ज्यादा बढ़ाए हैं । महाराष्ट्र सरकार ने इसके दाम गत वर्ष साठ से 130 रुपये कर दिए थे और आपने अभी तक केवल 25 रुपये बढ़ाए हैं । महाराष्ट्र में कपास बहुत ज्यादा पैदा होती है । महाराष्ट्र के कुछ लोगों की मांग थी कि चावल के दाम 130 होने चाहिए और महाराष्ट्र सरकार ने इसको स्वीकार कर लिया है । प्याज को आप लें । अभी तक इसका प्रोक्योरमेंट नहीं हुआ था । पिछले साल महाराष्ट्र सरकार ने इसके दाम चालीस रुपये से बढ़ा कर साठ रुपये कर दिए थे जब कि इस साल आपने 55 रुपये कम से कम और ज्यादा से ज्यादा 70 रुपये किए हैं । मैं समझता हूं कि हम सब को मिल कर टोटल प्रोक्योरमेंट की आवाज उठानी चाहिए । जितनी खेती की पैदावार है उसकी टोटल प्रोक्योरमेंट की मांग करनी चाहिए । इससे किसान और कंज्यूमर दोनों को हम प्रोटैक्ट कर सकते हैं ।

एग्रिकलचर लेबर की तरफ भी हमें ध्यान देना चाहिए । दाम तय करते वक्त हम को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि जो खेत मजदूर है उसकी कम से कम कितनी मजदूरी होनी चाहिए । उतनी मजदूरी दिलाने की भी हम को व्यवस्था करनी चाहिए । चपरासी जितनी तनख्वाह लेता है उतनी मजदूरी तो उसको मिलनी ही चाहिए । आप यह भी देखें कि साल में कितने दिन उनको काम मिलता है । सौ दिन मिलता है और 250 दिन वह खाली बैठा रहता है ।

तीस साल में हमारी सरकार ने कुछ गलतियां की होंगी लेकिन अपने ढाई साल के कार्यकाल में आपने कितना सुधार किया है इसको भी आपको देखना चाहिए । तीन साल में कांग्रेस ने कुछ न कुछ बुनियादी बातें की हैं । प्रोक्योरमेंट पोलिसी बनाई, स्टोरेज की सुविधा उपलब्ध की, बफर स्टाक बनाए । एक दिन में सब बदल नहीं हो सकता है । यह जो कहा जाता है कि हमारी सरकार ने किसान

[श्री बाला साहिब विखे पाटिल]

की तरफ ध्यान नहीं दिया ठीक नहीं है । यह ठीक हो सकता है कि जितना देना चाहिए था उतना नहीं दिया । थोड़ा ध्यान दिया है इसको मैं मानता हूं । मैं चाहता हूं कि ज्यादा ध्यान उसकी तरफ दिया जाना चाहिए ।

आप नहर निकालते हैं, ट्यूबवैल निकालते हैं तो कुछ तो सरकार स्वयं निकालती है और कुछ प्राइवेट लोग निकालते हैं । जितना कैपिटल इनवेस्टमेंट करना पड़ता है ओपन वैल या ट्यूब वेल के लिए मैं चाहता हूं कि वह सारा सरकारी खर्चे पर होना चाहिए । आप बड़ा डैम बनाते हैं और उसका पानी किसान को देते हैं तो जो बंडिंग बनाते हैं उसका बोझ उसके ऊपर क्यों डाल दिया जाता है यह मेरी समझ में नहीं आया है । डैम का जो लोन है वह सरकार उस पर नहीं डालती है तो बंडिंग का क्यों डालती है । आप इंडिविजुअल को उस में आइडेंटिफाई नहीं करते हैं । बंडित का लोन किसान के ऊपर आप क्यों लादते हैं । वह बेचारा अपनी जमीन मार्टगेज करता है और पूरा परिवार कुआं खोदने के लिए जाता है उसको आप क्या आर्थिक मदद देते हैं ? कुछ नहीं । वह रात में अपने खेत में पानी लगाता है, मगर मजदूर काम करे रात में तो वह ओवर टाइम मांगता है, लेकिन किसान को कुछ नहीं मिलता । जब देश में बिजली की कमी है तो किसान के काम आने वाली बिजली का मिनिमम रेट होना चाहिए । 10 परसेंट बिजली स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड किसान को देते हैं उसको अगर आप थोड़ी सी भी सहूलियत दें तो कितना घाटा होगा ? कुछ नहीं । ऐसे ट्रेड में जहां आप 90 प्रतिशत बिजली देते हैं और जिस पर आपका कोई कण्ट्रोल नहीं वहां आप बिजली के दाम बढ़ा सकते हैं, 10 प्रतिशत बिजली जो किसान को देते हैं उसमें आप क्यों राहत नहीं देते ? आपको उत्पादन खर्च कम करना चाहिए । तेल और खाद के बारे में हम समझ सकते हैं कि वह बाहर से आते हैं और उनकी कीमत पर हम कण्ट्रोल नहीं रख सकते, लेकिन जो आपने 600 रु० खाद के लिए सब्सिडी दी है मैं चाहता हूं कि उत्पादन और कंज्यूमर के इंटरेस्ट को सेफ़ गार्ड अगर करना है तो इस विषय में आपको जाना पड़ेगा । जब तक किसान संगठित नहीं है आप कुछ भी कर सकते हैं, लेकिन अगर किसान संगठित हो जायगा तो आपको सोचने के लिए मजबूर होना पड़ेगा । हमारे विरोधी दल के लोग जिस दिलचस्पी से किसान की पैदावार के दाम बढ़ाने की मांग कर रहे हैं उसी हिसाब से जब दाम बढ़ेंगे और इनफ्लेशन बढ़ेगा तो उसका भी समर्थन करना पड़ेगा । ट्रेड यूनियन मूवमेंट यहां नहीं लाना चाहिए क्योंकि यह किसानों से सम्बन्धित बात है ।

किसान के घर में जब अनाज आता है तो उसको मजबूर हो कर बेचना पड़ता है क्योंकि उसको दुनिया भर के कर्जे देने होते हैं, पैसे की जरूरत होती है, वह वेतन भोगियों की तरह 10, 15 दिन स्ट्राइक कर के सस्टेन नहीं कर पायेगा क्योंकि उसके पास इकोनामिक ताकत नहीं है । इसलिए आपको ए० पी० सी० का पुनर्गठन करना चाहिए, कम्पलसरी क्रोप इन्श्योरेंस करना चाहिए और व्यापार में जो दलाल हैं उनको निकालना चाहिए और पूरी खेती की पैदावार सरकार खुद प्रोक्योर करे इसके अलावा और कोई रास्ता नहीं है ।

PROF. RUP CHAND PAL (Hooghly): Sir, the Hon. Member Mr. Chitta Basu has brought this motion and this is very timely. I listened to all sections of this House and it can be said that on one question, both parts of

the House had agreed that the peasantry are suffering. They are not having their remunerative prices. They are being deprived of even their cost of production. Can it not be said that it has assumed such a proportion today that it can be described as a national question? What is their demand? That there is general price increase, price rise, only during the last ten months or so, about 20 per cent rise in price has been taken place. In respect of the inputs, fertilisers, agricultural implements, pesticides, etc. the prices have increased several times. Moreover there are levies, taxes. The rural debt has increased several time. A few year back rural indebtedness was to the tune of 792 crores. It is about 7,000 to 8,000 crores of rupees now, and they are not being compensated for the rise in price of inputs. Their cost of production plus some margin of profit and risk allowances taken together as remunerative price they are not getting and now today we find the entire peasantry in the country is in ferment. There is unrest everywhere. It is not limited to the Northern part, that so-called area of green revolution. It has spread to the Western parts. It is in the Southern part. It is engulfing the whole country and entire peasantry. Every section of peasantry is getting involved in it. How are you to judge this question? How are you to respond to this demand of peasantry? That is the crux of the problem. One thing is clear. The peasantry are not prepared to submit to their own ruination. This process of ruination has started long ago, and now, we have reached a stage when they are not prepared to this surrender to this process of ruination. They are resisting. They have risen unitedly and protesting through several forms of protests that you find everywhere in the country. But, the question is, how the Government, the Government that works, the party which has promised the peasantry that if elected "we shall give you remunerative prices", how they are reacting today? Let us see how they are reacting to peoples grievances. National Security Ordinance. Think of it. Thousands and thousand of peasants arrested, killed. That is how the Government that is working.

Sir, from that part of this House, I listened when they described, some of them have described the movement for remunerative price, as politically motivated agitation. Even after admitting that their grievances are genuine, political motive is being attributed. But what do we see? We see that even Congress-I people are also supporting them, they are some times participating in such movements in Maharashtra and they are speaking in two voices like that old story, of a two-faced monster-in one speaking good things, pleasant things to the people, to the peasantry, and the other face, just surrendering to the monopolists, to the big houses, and allowing them to exploit, to rob these masses of peasantry.

Sir, one argument that has been given earlier by the Agriculture Minister from the other side. It was that if they were given remunerative price, it will cause further price rise and it will affect the consumers.

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND RURAL RECONSTRUCTION AND IRRIGATION (SHRI BIRENDRA SINGH RAO): I have not said that. Remunerative prices are being given already

PROF. RUP CHAND PAL: I am coming to that. Your calculation of cost of production. APC has become the Anti-Peasantry Combine. That is a pity. I shall come to that. And on the other hand consumers are suffering. But if we analyse any item—in the case of sugar-cane in relation to the profit made by the sugar mill owners; in the case of cotton in relation to the profit made by textile mill owners, or you may take any other item—you will find that both the consumers and the peasantry are being fleeced and huge wealth is being amas-

[Prof Rup Chand Pal]

sed by a handful of big business, monopolists and multi-nationals, to whom doors have been opened by this Government.

It is said that if we take up the question of giving remunerative prices to the peasants—to the cotton growers or paddy growers or producer of any other commodity consumer price will rise. I am not going into the details or statistics; Mr. Chitta Basu has given a lot of them; I shall come only to some of them. Sir you find that some subsidy is already being given—I am speaking within the framework—to the extent of Rs. 600 crores. If you give remunerative prices to the cotton growers and to the growers of sugar cane, paddy, wheat and jute who have been deprived for ages together distribute consumer goods through a strong public distribution system to which you are committed—there is a pledge by you—only by giving a fraction of this amount of the huge profit of big Houses Monopolists. You can, without raising the issue price and affecting the consumers, solve the problem.

And you speak about money. Wherefrom will that money come? If we analyse the profits made by big business, textile mills, jute barons and cotton barons, what we find is that during the last 33 years, they have made profits and amassed such an amount of wealth, which is unparalleled in history. It has been very rightly said by Mr. Mandal that these handful of big houses have fleeced the whole country—both the consumers and the peasantry. But are you prepared to do that? Are you prepared to give the subsidy? Are you prepared to touch those houses? Are you prepared to put taxes on them? Are you prepared to touch those landlords and people belonging to the higher income groups? Are you prepared to make them disgorge their black money, and prepared to punish the handful of big houses who are evading income-tax? The whole question is not to be seen in isolation. It is a question related to the great question of land reforms. Until and unless you are serious about land reforms, you cannot bring about parity. You cannot serve the interests of the peasantry or of the consumers. But that you are not prepared to do. One hon. Member from that side was speaking about socialism. I recall the statement of somebody that socialism has become such a convenient cap that every one can wear it. People belonging to that side are trying to wear it.

Before the elections, you promised many things, and made pious declarations You spoke about *gharibi hatao* and about the 20-point programme; but in practice, when the poor agriculture labourer demands a minimum wage, you threaten him with the National Security Ordinance; threaten to punish him. You amend your Criminal Procedure Code. The ordinary law is not enough to do it. What do we find every day as regards the police? We find that they are beating up and killing the poor peasants, the agricultural labourers and the industrial workers who are fighting for their cause. Government is not prepared to look at this question very seriously. You look at the question of sugar cane. You have said that if you increase the price of sugar cane and give them remunerative prices, say, Rs. 25/- per quintal although they are demanding Rs. 30 per quintal in Maharashtra the price of sugar will be increased. Well. I am not an expert on sugar. There are many hon. members on that side who are experts. Half of the cost of production of sugar can be accounted for by the cost of sugar cane and in one quintal of sugar cane 10-11 kgs. of sugar can be manufactured. If you work out the whole thing you will find that the mill owners are making a profit of more than Rs. 100/- on one quintal if you take into account Sugar price vis-a-vis price of sugar-cane. Sugar is sold today at Rs. 8 per kg; Rs. 9 per kg; in the villages, it is being sold at Rs. 10 per kg. or more at some places.

You say that if you increase the price of sugar cane and give remunerative prices to them the consumers will be affected. A few years back, the price of standard average cotton—I am not speaking about all the varieties—was, say, about Rs. 450 to Rs. 500 per quintal. Now, it has come down to Rs. 250 to Rs. 300 per quintal at some places. You just compare this price with the price of cloth. The price of cloth has increased more than three times during the last ten years; and it is increasing constantly. Then look at the question of jute. Mr. Chitta Basu has also said about it. I also belong to that part of the country. More than 40 lakh jute growers, from time immemorial, are serving the Indian economy. There were so many occasions in the past when the jute growers just demands were placed. I can give you one example. At the time of Dr. B. C. Ray, on the Floor of the West Bengal Assembly, a unanimous resolution was passed recommending remunerative prices. Since then much water has flown under the bridge. Now, the APC has come which is being described by the peasantry as a great anti-peasantry combine. They are working against the interest of peasants. How do they calculate the prices? It is something absurd, peculiar, not in relation with reality. But they are authorised to fix up the prices. The State Governments calculate prices in respect of paddy, jute, in respect of wheat. in respect of cotton and in respect of sugar cane another commodities and come to their own conclusion. The State universities also calculate the prices on the basis of the cost of production. But if you compare them you will find that the calculations of APC are always far far below a remunerative price.

The small farmers, the marginal farmers and the poor farmers are suffering most. The agricultural labourers have also joined them in their struggle. They understand that their minimum wage can be assured only if they are united with other sections of the peasantry. Let the peasantry have a remunerative price, let the producers also have a remunerative price. The agricultural labourers will also demand a minimum wage. Their demand is also just. What is happening in West Bengal. Government support their cause. You can stop supplying foodgrains under the food-for-work programme but the people will judge which is the best government. The West Bengal Government has become one of the ideal governments in India. That is the picture. Someone was speaking about, in reference to some hon. Member, about dynamite. Please remember it is no question of dynamite. You are sitting on a volcano. Don't be so self-complacement. Don't be so overconfident. Don't look at things through the mirror of National Security Ordinance. Don't think that repression will do. What is the history of mankind? What have you learnt? You have learnt nothing. Self-complacent people. Do not you see the writing on the wall? You may try to drive a wedge. You may adopt deceitful tactics. You may try to divide the consumers and the peasantry who are struggling for remunerative prices. But these deceitful tactics won't do. Industrial workers, consumers and the peasantry, they are getting united. Can't you hear the footsteps of the democratic marches from Maharashtra, marches from the Southern States, they are coming up, coming up, coming up. And you people are siting on a volcano, remember it, any day you may be thrown out of power.

(*Interruptions*)

You will kill people when people are coming.

(*Interruptions*)

When people are coming with their just demands, Lathi charge them... (*Interruptions*) What history has taught us, history has taught you also, but you have not learnt the lesson, but you shall be thrown out of power. This is such a situation you have created. This is a national question. I have one positive suggestion to make. Will the

[Prof. Rup Chand Pal]

Govt. change their policy? Their economic policy? The present crisis is to be seen in the perspective of the deepening economic crisis in our country. This agitation of the peasantry will have to be judged in that perspective. If you cannot bring about radical land reforms, if you cannot change your attitude and your capitalistic path of development, if you do not bring in some self-reliant economy, independent economy, a pro-people economy, you will not be able to solve any problem. To cover up your failures you shall go for repressive measures, some times with a National Security Ordinance, some times with Emergency. Some Congress (I) people were speaking about it the other day. You may try to change the Parliamentary system in to another system. But that won't do. You are sitting on a volcano. You shall be thrown our of power, if you do not change your basic policy.

MR. CHAIRMAN: Shri G. L. Dogra.

श्री गिरधारी लाल डोगरा (जम्मू) : मेरे से पहले बोलने वाले फाजिल दोस्त ने अभी बहुत अच्छे ढंग से तकरीर शुरू की थी लेकिन आखिर में आकर उन्होंने इसमें पालिटिक्स को इनवाल्व कर दिया । उनकी कुछ बातें बहुत माकूल हैं । अगर हम इस समस्या को पालिटिक्स से अलग कर दें तो इसका हल आसान हो जाएगा । इसी को लेकर अगर हम रास्ता निकालना चाहें तो निकल सकता है । दरअसल बात यह है कि जो डिवेलपिंग कंट्रीज हैं उनकी इकोनोमी एक नई शक्ल अख्तयार कर रही है । हम एक नए दौर में से गुजर रहे हैं । मंडल साहब कुछ भी कहें इस बात को उनको मानना पड़ेगा कि हम एक खास दौर से गुजर रहे हैं । इस दौर में जब तक हम नए ढंग से नहीं सोचेंगे तब तक हमारा काम नहीं चल सकता । प्रो० दंडवते साहब, श्री सुब्रमन्यम स्वामी जी, चव्हाणसाहब जो वित्त मंत्री रह चुके हैं वे इसको मानेंगे कि डिवेलेपिंग कंट्रीज की इकोनोमी को ठीक रखने के लिए एक नया ढंग अपनाना पड़ेगा, नई सोच और नया तरीका इस्तेमाल में लाना पड़ेगा । जब तक इस बात को हम सामने नहीं रखेंगे तब तक कुछ नहीं कर पायेंगे । इसमें सियासत को लायेंगे तो कुछ हासिल नहीं होगा सिवाय शोर शराबे के ।

हमारे एग्रीकल्चर मिनिस्टर साहब का काम बहुत मुश्किल है । एग्रिकलचरल प्रोड्यूस की किसानों को रिम्युनरेटिव प्राइसिस जरूर मिलनी चाहिये । इसमें किसी को मुखालिफत नहीं है । लेकिन समस्या सिर्फ इन कीमतों की नहीं बल्कि टोटेलिटी में कीमतों की है । बात दरअसल यह है कि किसी न किसी बुनियाद को आधार मानकर आपको चलना होगा । एन०पी०सी० पर नाराज होने का क्या फायदा है । उसके मेम्बर कौन हैं यह मैं नहीं जानता हूं । चव्हाण साहब मुझे बेअर आउट करेंगे और मैं अपने जाती तजुर्बे की बिना पर बोल रहा हूं कि जितनी प्रोड्यूसिंग स्टेट्स हैं जहां एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस और खास तौर पर अनाज पैदा होता है, वे हाई प्राइसिस की मांग करती हैं । जो कंजूमर स्टेट थीं वह हमेशा उसकी मुखालिफत करती हैं, दोनों तबके डिफर करते थे ए०पी०सी० से, और आज भी वही सूरत है । हमारे कृषि मंत्री जी किसान हैं, वह इन सब बातों को जानते हैं मगर जब प्राइस का मसला टोटेलिटी में हल नहीं करते तब तक बात नहीं बनेगी । प्राइसेज की स्टेबिलिटी में रोक लगाने के लिए एक माहौल पैदा करना जरूरी है । माहौल ठीक सोच और कोशिश से पैदा होगा । इस मसले को न तो यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और न ब्यूरोक्रैट्स हल कर पायेंगे, बल्कि पोलिटिकल इकोनामिस्ट्स ही तय

कर सकते हैं । एक नेशनल तरीके पर सोचना होगा । आप बड़े फारमर की बात करते हैं और नाम लेते हैं मार्जिनल, स्माल फार्मर और खेत मजदूर को भूल कर तो आप ज्यादती करते हैं । आपको गांवों के अन्दर रहने वाले छोटे काश्तकारों के लिये सोचना होगा और सरकार को इस तरफ तेजी से ध्यान देना चाहिये । मुझे दुख हुआ यह देखकर इसमें आप पोलिटिक्स लाये । अगर स्टेबिलिटी है तो सबके लिये है । अगर खतरा है तो सबके लिए । मुझे याद है जब इंदिराजी प्रधान मंत्री थीं और चव्हाण साहब फ़ाइनेंस मिनिस्टर थे तो इन्होने विदेश जा कर डेवलपिंग कन्ट्रीज के लिये भारत की ओर से आवाज उठायी और इस प्रकार हमने एक नए ढ़ग से लीड दी और कहा कि पुरानी इकोनामिक्स डेवलपिंग कंट्रीज के काम नहीं आ सकती, हमको खुद एक नया ढंग निकालना है । आप उन स्टेट्स का भी ध्यान रखें जो हार्टिकल्चर प्रोड्यसिंग स्टेट हैं जैसे जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और यू० पी० इनमें एग्रीकल्चरल इनपुट अनाज से ज्यादा दरकार है और स्प्रे बहुत कौस्टली होता है । जो अनाज की फसल को स्प्रे जरूरत नहीं लेकिन उनके सेब आज आलू और मटर से भी सस्ते बिक रहे हैं । इसलिए हमको टोटेलिटी में देखना पड़ेगा, और अगर ऐसे नहीं देखेंगे तो कोई बात नहीं चलेगी । आप 200 रु० प्रति क्विंटल गेहूं का दीजिये मगर जो आदमी सेव पैदा कर रहा है उसको 2 रु० किलो का दाम मिलेगा तो वह आपकी बात और इन्साफ को कैसे समझेगा । सरकार को इसलिये टोटेलिटी में देखना पड़ेगा और कृषि मंत्री की इन बातों को सामने रखते हुए नुक्ता चीनी करनी चाहिये । कृषि मंत्री से ज्यादा किसानों का कोई हमदर्द नहीं और यदि आप उन्हें कहें कि आप दुश्मन हैं किसान के तो यह बात मैं मानने के लिए तैयार नहीं हूं । यह एक ऐसा मामला है, जिसकी ओर ध्यान देना होगा । प्राइस का सवाल है, जिसको हमें हल करना होगा । डैवलपमेंट के सवाल को भी हल करना होगा । सभापति महोदय, हमारे इलाके में ऐसे किसान हैं, जिनको उनके प्रोडक्शन का एक पैसा भी नहीं मिलता है और आप कहते हैं कि कम मिलता है, मिलता ही नहीं है । रास्ता न होने की वजह से उनको सामान ले जाने में दिक्कत होती है । हिन्दुस्तान का ऐसा बहुत सा हिस्सा है, जहां पर इस प्रकार की स्थिति है । लेकिन इन चीजों की तरफ किसी का ख्याल नहीं है । शायद इनको इल्म नहीं है कि ऐसे बहुत से इलाके हैं, जो कि बिल्कुल कट-ऑफ हैं । जब आप इन समस्याओं की तरफ ध्यान नहीं देंगे, तब तक समस्याओं को कैसे हल कर सकेंगे । यह सदन सारे भारत का है या चन्द प्रदेशों का । मैंने चन्द लीडरों को देखा है कि हर चीज को एक्सप्लायट करने की कोशिश करते हैं और एक्सप्लायट करने के बाद नजायज फायदा उठाना चाहते हैं । गांवों में जलूस निकालने को मैं कुछ नहीं समझता हूं । इन जलूसों का मकसद है कि वीकर-सैक्शन को डराया जाए, माइनोरिटीज को डराया जाए और ऐसी तकरीरें दी जाएं कि हम ईंट से ईंट बजा देंगे । मैं समझता हूं कि पोलिटिकल भावना से काम करने से अच्छी बात बनने वाली नहीं है, हमको देश में पैदावार बढ़ाने की ओर देखना चाहिए और पार्टी लाइन पर हर चीज को नहीं सोचना चाहिए । इसलिए मैं समझता हूं कि इस तरफ ध्यान देना बड़ा लाजमी है ।

सभापति महोदय, अभी श्री मंडल साहब ने कहा कि शहरों के अन्दर आमदनी बढ़ी है और गांवों के अन्दर कम है । हमारे देश में गरीबी है । अगर कहीं दो कारखाने लग जायेंगे तो वह अरबन एरिया हो गया । शहरों के अन्दर हाई-

[श्री गिरधारी लाल डोगरा]

पेड गवर्नमेंट सर्वेंट्स हैं, जो कि शहरों के अन्दर रहते हैं । दूसरी इंडस्ट्रीज में जो लोग भी काम करते हैं, वे भी अरबन एरियाज में रहते हैं । शहरों के अन्दर कुछ ऐसी संस्थाएं होती हैं जो शहर गांव के लोगों की सांझी होती हैं जैसे आल इंडिया मैडिकल इन्स्टीटयूट सारे हिन्दुस्तान भर में एक है वह सारे देश का सांझा है आप कहेंगे कि इसको उड़ा दो और घर-घर में बना दो, स्टेट-स्टेट में बना दो, गांव गांव में बना दो । इससे तो समस्या का समाधान नहीं होगा जब तक सब मिल कर देश की प्रगति के लिए काम नहीं करेंगे । मैंने बिहार को भी देखा है, आपका बिहार मेरे इलाके से कहीं ज्यादा अच्छा है । मेरा इलाका बारानी है, मेरा इलाका पहाड़ी है और यदि मेरे इलाके में खाद अगर ज्यादा पड़ जाए और बारिश न हो तो सब फसल जल जाता है इसके बावजूद भी हमारे किसान पहले से अच्छे हैं । मैं आपको बताता हूं । कि 1947 में जितना फल, जितनी सब्जी हमारे जम्मू शहर में लगती थी, उतनी हमारे देहात में सड़क के एक-एक मोड़ पर लगती है । इस बात से क्या आप इन्कार कर सकते हैं कि हमारी पापूलेशन बहुत बढ़ी है, एक तरफ पापुलेशन बढ़ती है और दूसरी तरफ हम जितना उत्पादन बढ़ाते हैं, वह बढ़ती हुई आबादी की नज़र हो जाता है । इसलिए इस समस्या को हल करने के लिये हमको और आपको मिलकर एक साथ काम करना चाहिए . . . (व्यवधान) . . . बिहार मैंने देखा है, मैं वहां घूमा हूं । आपकी प्रोडक्शन काफी अच्छी है, खास कर नार्थ बिहार में, साउथ बिहार की बात आप जाने दीजिए । नार्थ बिहार अब काफी अच्छा है, खेती वहां पर अच्छी चल रही है ।

सभापति महोदय : आपने मधुबनी देखा है, जो कि मंडल साहब का जिला है ।

श्री गिरधारी लाल डोगरा : बहुत अच्छी तरह से देखा है ।

मैं एग्रीकल्चर मिनिस्टर साहब से एक बात कहना चाहता हूं कि जहां तक प्राइसेज का ताल्लुक है इसको टोटेलिटी में लेना होगा, टोटेलिटी में लेने से ही यह समस्या हल हो सकती है । एण्ड-प्राडक्ट और एग्रीकल्चर प्रोडयूस का रिलेशनशिप रहना चाहिये । आज क्या होता है--कपड़े के दाम बढ़ जाते हैं, लेकिन कपास के दाम नहीं बढ़ते इस समस्या के बारे में हमें कुछ सोचना चाहिये, इसके लिये, अगर आप कोई पार्लियामेन्ट्री कमेटी बनायें तो कोई बुरी बात नही है, उसमें आप तमाम लीडर्स को रखें, तजुर्बेकार आदमियों को रखें और पार्टी-लाइन को क्रास करके इस मसले पर गौर किया जाय और किसी अण्डरस्टेण्डिंग पर पहुंचा जाय ।

जो भी प्राइस आप मुकर्रिर करें वह कुछ लम्बे समय तक के लिये होनी चाहिये । फिर अगर इनपुट के दाम बढ़ जायें तो उसको सब्सिडाइज़ करना है, तो करना चाहिये, लेकिन जैसे डीज़ल है, जो चीज इम्पार्ट होती है, बाहर से आती है उस का पैसा बाहर जाता है, उससे इन्फलेशन नहीं बढ़ेगा । इन्फलेशन और डेफिसिट-फाईनेन्सिग ये सब इन्टर-रिलेटेड बातें है । इसी तरह से जो हमारे कट-ऑफ इलाके हैं उसकी डवलेपमेन्ट हमें हर हालत में करनी होगी । जहां पर पानी की कमी है वहां, पानी का इन्तज़ाम करना होगा, रास्ते देने होंगे । ये लोग कहते हैं कि देहातों में कुछ नहीं हो रहा है---यह गलत बात है । फूड-फार वर्क का काम बहुत अच्छा चल रहा है । जहां-जहां एडमिनिस्ट्रेशन अच्छा है, वहां काम अच्छा चल रहा है । रूरल डवेलपमेन्ट की तरफ भी तवज्जह दी जा रही है, इसको और ज्यादा तेज़ किया जाय ।

लेकिन यह कहना कि कुछ नहीं हो रहा है, गलत बात है।

मैं फिर एग्रीकल्चर मिनिस्टर साहब से यह कहना चाहता हूं कि इस मामले को टोटेलिटी में देखिये और यह देखिये कि कैसे कर सकते हैं। प्राइस स्टेबिलिटी के लिये कैसे एटमास्फीयर जैनेरेट कर सकते हैं। अगर दाम बढ़ते चले गये तो डेफिसिट फाइनेन्सिग बढ़ता जायगा, हमको लोगों की परचेंजिग पावर को बढ़ाना होगा। इसलिये हम को सही रास्ता अख्तियार करना चाहिये। इसका रेडीमेड जवाब कुछ नहीं दिया जा सकता, जब तक कि इस के बारे में थारो-स्टडी न की जाय। इसलिये इस सारे मामले पर गौर करके फैसला करना होगा, चाहे आज करें, कल करें या परसों करें लेकिन यह करना ही पड़ेगा।

SHRI R. S. SPARROW (Jullundur): Hon'ble Mr. Chairman, Sir, remunerative prices for the producer peasant has come to be a much discussed subject. To find a proper answer to this, we all have to focus our attention very closely. I will try to grapple with the problem, that has been thrown up, in the best manner possible and as pragmatically as I can put across. The aspirations of any developing country carry also the bulging burden of varied economic requirements. It is a normal happening. It does happen that way. In this regard, therefore, the jestling reactions concern the pulls and pressures caused in between the producer, the consumer and the middleman coupled with the priority demands emanating from other sectors within the orbit of economic set up of a country. So, all these points on the plane of economics have to be carefully adjusted. To maintain all-round stability, therefore, one has to strike a correct balance among them. When we talk of remunerative prices, it should be remembered that millions of under-fed, millions of have-nots, have to be catered for. So, the subject is not all that easy both from the point of view of the Treasury Benches and the opposition. It is a national question, but we have to call a spade a spade. Where some people faltered has also to be highlighted.

This much one can say. It is heartening to notice that the present Government is, on all accounts, doing the best possible to strike a correct balance *apropos* the price line as also the remunerative prices that have to be given to the producers. Starting from the Prime Minister herself, the Finance Minister, the Agriculture Minister and the heads of various ministries have time and again explained how the price level is being handled. In that regard I must say that their move is consistent and works in conjunction with the flow of the general economics of the country. I can give the figures; in fact, they have already been given by the Finance Minister and the Agriculture Minister, about the support price, what it used to be in the last seven years and what it is now.

16.51 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

They have given the prices for both kharif and rabi. So, without dwelling on them, I shall move forward.

One thing that causes a little bit of anxiety is the jolt that we were given under the aegis of the previous Government, now sitting in the opposition benches. I will try to highlight and explain that.

You have said that it is controversial, but we have seen it in proper form, as it was. You talk about any aspect of it. In fact, I personally feel that throughout our progress as a country, these three years was the only period when we suffered a type of economic jolt as a country, and that has a direct hearing on the kisan,

[Shri R. S. Sparrow]

the *kheth mazdoor*, the poorer sections of society and the economic plane in general.

May I only recall one or two examples? That will possibly satisfy my friends. We cannot forget what happened to sugar, the stock of which was thrown to the four winds. I can give you a full account as to how long the various sugar mills were kept waiting in the 1977 crushing season. You will be surprised. It was one month and ten days in certain cases, and then in a rush the whole of the sugar which was stocked in the mills was just squandered away, with the result that even the kisan could not bring the sugarcane in time, and there was a terrible shortfall in sugar production in that crushing season. Everybody knows the figures are there. Not only that, the burning of the sugar cane is well known to all. The result is that the kisan felt that for the coming season of the kharif crop which is the annual crop, one year crop, he was not going to sow that much. Why should he? He reverted to wheat and something else. It gave you added shortfall in sugar. Not only that, it was only one year crop and for the third year crop he had also to think twice as to what he should do. This is the third year. The sugar cane is in the fields. The sugar cane now being crushed. The Sugar mills are crushing. The reactionaries say that there is going to be some kind of *andolan*.

There is another thing where we have to contribute mutually for the sake of the country and not just harping on political differences and ideology to let people at large suffer.

Do I have to quote how gold was made to disappear? The less said the better. Do I have to say something more about the rotten potato—24 lakh tonnes or so? I distinctly remember that, because, I had to come here to the Centre to meet the Minister concerned and also to the Director of NAFED and other organisations that were responsible for dealing with that problem. After three months the crop was going to be so much and it was for them to make arrangement to dispose that of properly. We used to send this crop even to U.K., Middle East, right upto Indonesia; and so its disposing off was worked out economically to the advantage of the farmer of the country as a whole. Nothing happened. Nobody moved a hair to do anything. As I said, lakhs of tonnes of potatoes in Haryana, in Punjab, in Himachal Pradesh rotted in the field. No one would lift them for Rs. 5/- a quintal. And in the rest of the country there are some pockets where people were stomach hungry. The defunct Government did not arrange any thing. This had fit the farmer very badly. Now we have to keep the balance. In that context we have to work out what to do.

As to the plight of the farmer, I have a couple of things to bring to your kind notice and also to my high command that we should know where we stand. Many of my friends have already stated. But I cannot resist pointing that out to you.

We all should accept the fact that farmer or kisan along with his mate i.e. mazdoor, *keth mazdoor* or farm labourer they comprise of 70 per cent of the population of India. Their basic profession is to work in the fields and they do that. When we think of the price fixation and any kind of assistance...

MR. DEPUTY-SPEAKER: There are many speakers to speak. I have allotted ten minutes to each Member. If you take more time, it means you are taking the time of your party Members.

17.00 hrs.

SHRI R. S. SPARROW: Sir, please allow me to point out that previously it was accepted that a member who moves any resolution or motion

should be allowed to speak for half an hour and so on and, after that, we have to have the yardstick common to everybody. That is my point. I have seen and I have been watching the time taken by various members here. My humble request to you is to give me a little more time. I will try to finish as soon as I can do. But I wil do it very soon.

I was pointing out to you about the kisan, about the basic problems faced by the kisan. We must have in our mind what is kisan and what he is doing. That is the first point I have made.

The second point that I want to make is that all of you should bear in mind that he has also his demands, many type of requirements, as a flow of evolution to progress. He also does require to have a better living standard. He also deserves the scooter, the cycle , the T.V. and other affluent type of requirements that are very catching. He also wants his children to get better education. Why should he not? Therefore, all the demands from his side are justifiable.

In that context, I may also point out that he does understand in what way he earns his livelihood. He says. according to the Factories Act, a worker has to put in 8 or 10 hours of work a day whereas he has to do a minimum of two shifts alongwith his wife and, possibly, his own son also. Therefore, his requirements must be understood as a flow of evolution to progress. We have to keep that in mind.

As I have already said, the Government are doing their best. What promises have been made are being met to the utmost limit possible. I do not want to go into pros and cons as to how it should be done.

I have to give some recommendations for the House to consider. I would make five recommendations as to what we should keep in our mind and what we should try to do for that particular section of our society. The first recommendation that I would like to put up for the consideration of the House is—the people forget about it; whosoever is in power forgets about it—the easy facilities for loans to farmers. At the moment, when a kisan in the village has to apply for loan to land mortgage bank or cooperative bank or to any such institution, he has to go through a tremendous rigmarole and the people take away a little share of it before he gets it. We have to concentrate on that aspect that he gets loan easy enough.

I want to remind you that from the Reserve Bank of India, when the money starts percolating down to different banks, it starts with about 5—1/2 per cent to 7—1/2 per cent rate of interest and, by the time it lands in the lap of the kisan, if it is 15 per cent. There is a tremendous gap. We have to reduce the gap as soon as we can. Not only that. He sometimes quotes that in the case of industry, it may be a mini industry or a small-scale industry, some of them are given loan at the rate of 3—1/2 per cent interest. So, he is angry on that. We do not want to cut out small-scale sector. We want to see that the industry flourishes in villages. But we have also to keep in mind as to how best we can keep a right balance in so far as the loaning system is concerned and how much rate of interest, not free, he should pay.

Coming to the second recommendation, the systems which are involved in relation to his own working from the field upwards are out of date. In many cases, they are hundred years out of date. Right from the days of Todarmal, they have not changed much in respect of his loaning system and his system that he has to deal with other things like cooperative societies and so on and so forth. He is sitting before the doors of a Police Station or Tehsildar or bank or at some other place One-third of his effort in the fields is wasted. He

[Shri R. S. Sparrow]

is one man; he cannot even irrigate the field at the right time because he is in front of the judiciary...

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please finish it now.

SHRI R. S. SPARROW: The next point which I am giving you as a practical step is also a valuable type of recommendation. Point number 4 that I am putting up to you is about tractors and other farming aids. These centres should be established on Block basis. There is no reason why it should not be done. This is where he will gain, and the middlemen will be cut out. For this, I have a full scheme in my mind and I have reflected this before, in the Budget discussion. This is the fourth point.

The other avenues, of course, have to be looked into. That is, you move the small industry close to him; you give facilites for poultry farming and more facilities for cottage industries, so that he, his wife and his children can augment their little income through this type of openings. Unless you do that, India-wise, you are not going to make him come up to the right standard, and he will always be angry with you.

These are the few points which we have to work on...

Last but not least, he is being eaten away by middlemen. My friends have mentioned that; I will not deliberate long on that. That, somehow, has to be cut out. I am very glad that our celebrated Minister is already thinking about this as to what best we should do to cut out these ills.

I thank you very much, Sir, for having given me some time.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Thazhai M. Karunanithi. Your Party has been allotted seven minutes.

*SHRI THAZHAI M. KARUNANITHI (Nagabattinam): Hon. Mr. Deputy Speaker, Sir, as a representative of the granary of Tamil Nadu, Thanjavur I am duty-bound to say a few words on behalf of my party the D.M.K. on the Resolution of Shri Chitta Bosu, about the remunerative prices for agricultural products. It has been said by the saint-point Tiruvalluvar that the agriculturist is the leader of men and all others are his followers. Today, unfortunately the agriculturist is in the lowest rung of our society. His living standard is worse than that of a peon in an Office. One who provides the source of life to others is bereft of all sources of his life. This situation is obtaining in the country which claims to be a land of agriculture.

What is the basic cause for this chaotic condition of agriculturists of our country? While the expenditure on cultivation is mounting, they are not remunerative prices for their products. While the prices of agricultural inputs are soaring sky-high, the prices of agricultural products have not yet taken off from the ground level. How can we expect the bureaucrats sitting in bedecked rooms to understand the economics of agriculture and fix a fair price? The bookish knowledge serves no purpose in deciding about the value of things essential for life. Here there should be practical experience to arrive at pragmatic decisions. The expenditure incurred in the running of agricultural farms under the control of the Central Government should form the basis for fixing the prices of agricultural products. I request that the Central Government should at least hereafter take this step in fixing the prices of agricultural products.

The agriculturists cannot be categorised as wheat cultivators and paddy cultivators. I am compelled to say this because the subsidy given to the wheat cultivators is much larger than that being given to the paddy cultivators. Though the cost of paddy cultivation is substantially higher than that of wheat cultivation, yet this kind of discriminatory treatment is meted out to the paddy cultivators.

*The original speech was delivered in Tamil.

The paddy subsidy is less than 50 per cent of the subsidy given to the wheat. The Central Government should ensure that the subsidy being given to paddy and wheat should be the same.

In Delhi we have the Indian Council of Agricultural Research where the agricultural scientists are expected to engage themselves in research for the growth of agriculture in the country. They seem to be making research in suicides. The Government of India is spending annually Rs. 80 crores on this Council not for research in sudice but for research in agriculture. The Government of India should go into the reasons for such a sorry state of affairs in the I.C.A.R., the premier institution in the whole country for agricultural research, and create the environment for the agricultural scientists who along can ensure the prosperity in future for our country.

It is necessary to mention here that the agricultural products contribute more than 50 per cent of national income. But the total indebtedness of the agriculturists in the country today is of the order of about Rs. 6000 crores. From this you can understand the magnitute of the misery of our farmers. How are we to mitigate their sufferings? I would like to mention here that the State Governments have equal responsibility in this matter. I will cite my personal experiance in Tamil Nadu. The AIADMK Government in Tamil Nadu under the chief ministership of Thiru M.G.R. seems to be impervious to the needs of agrculturists. During the Elections he assured that his Government would write off Rs. 420 crores of their loans, even if the Central Government is not responsive to share this financial burden. But now the State Government has written off only Rs. 42 crores. It is not that the peasants are disinclined to pay back the loans. But they cannot do it because of the cyclone, the floods and the drought recurring the monotonous intervals, besides the unremunerative prices they are getting for their products When their earnings are depleting, how can they return the loans? The Chief Minister of Maharashtra, Shri Antulay and the Chief Minister of Karnataka, Shri Gundu Rao have written substantial sums of agricultural loans and also they are paying higher prices for their products. When the agriculturists of Tamil Nadu demand fulfilment of the hopes aroused by Thiru M.G.R., they are being told that the Central Government is preventing the State Government from paying higher prices.

I begin to feel that even the Britishers were better than the present administrators in Tamil Nadu. Dyer waited for the people to gather before ordering the shooting. But, in Tiruchirappalli when the peasants wanted to take a procession in protest of the State Government's policy, the Police was let loose and all those wearing the green towel were beaten mercilessly and driven out even before they came near the procession's starting point. If the agriculturists resent paying the higher electricity rates, they are imprisoned for five years under emergency laws; if they refuse to take electricity they are imprisoned for five years under emergency laws. There is a wide gap between the promise and performance of the State Government of Tamil Nadu under the AIADMK. This has been proved beyond doubt by the recent Ordinance of the State Government abolishing overnight 24000 Village Officers throughout the State. Today there is no village administration in Tamil Nadu and the farmers are running from pillar to post to get their problems solved. These grass-root administrators are sitting on the steps of the Supreme Court to get justice and fairplay.

When Dr. Kalaignar Karunanidhi was the Chief Minister of the State, the problems o fthe farmers received the foremost consideration in the hands of the Government. He fixed even bonus price for their products. He established procurement centres throughout the State. The agricultural loans from any corner of the State

[Shri Thazhai M. Karunanithi]

were sanctioned in 72 hours. I wish that the Central Government takes such energetic steps for ameliorating the distress of our farmers.

Our former Prime Minister, Shri Charan Singh, has given a call that the sugarcane cultivators should not send sugarcane to the sugar mills in the Northern States. You can imagine what will happen to the country if this call is heeded to by the cultivators. The C P.I(M), the C.P.I., the Janata Party and other political parties are supporting the peasants agitation in all the States except in Tamil Nadu because they happen to be in alliance with the ruling AIADMK there. You can well understand their concern for the farmers. In other words their concern for the farmers is subject to political expediency.

We have seen the murder of Harijan agricultural labourers in the name of religion, caste and creed. But we are now witnessing their murder on account of policital affiliations. The harijan agricultural labourer, Govindan, his wife Neelambal, his son Sivaraman and his daugther Tamilarasi in Melakorkai, Thaniavur District have been burnt to death in their own house by the followers of CPI (Marxist) Party. The only provocation for this gruesome murder is that Govindan professed faith in the leadership of Dr. Kalaignar Karunanidhi. There seems to be no sign of atonement on the part of leadership of CPI (M) for this wanton killing.

The Food for Work Programme has become a handy tool for augmenting the coffers of AIADMK. It is said that road is being constructed, the tank is being dug, desilted etc. But the benefits from this scheme accrue only to the AIADMK partymen; it has not generated any new employment. I demand a high level inquiry by the Centre so that the misappropriation and malpractice in the implementation of this worth-the-while scheme are ended forthwith and the culprits brought to book.

In the admissions in the Agricultural University, Coimbatore malpractices are galore. Even the AIADMK Ministers seem to be involved in this. The Vice-Chancellor of the University should be empowered to function independently and effectively. In Kodaikanal there is a sheep-growing centre without even a single sheep. Here also steps should be taken to root out such malpractices.

There is no permanent marketing mechanism for turmeric, cotton, onion etc. in Tamil Nadu. The Janata Government levied excise duty on turmeric. But our Prime Minister Mrs. Gandhi, realising the sacred symbol of turmeric for the women of our country, has proposed the dropping of this levy. I welcome this and demand that this should be implemented forth with. In Coimbatore the cotton is procured through intermediaries. The cotton growers are being fleeced by them. In Maharashtra there is the system of direct purchase of cotton. Such a system should be implemented in Tamil Nadu so that the cotton-growers are rescued from the clutches of these intermediaries. The price of sugarcane should be uniform throughout the country. At the present moment, while the price of sugarcane has been fixed at Rs. 180 per ton, in Kerala and Karnataka the sugarcane cultivators are being paid a higher price. In Tamil Nadu the AIADMK Government is hand-in-glove with the sugar mill owners and the Government is helpless in getting a better price for the sugarcane cultivators. That is why I demand a uniform pricing policy for the sugarcane throughout the country.

The farmers should get remunerative prices for their products. The fertilisers, pesticides and other inputs should be given to them at a subsidised price, if necessary even by abolishing the excise duty on them because these are produced in the Central Government's undertakings. The cooperative credit institutions should be streamlined for easy availability of credit to the farmers. The cooperative marketing centres should be reor-

ganised. The middlemen should be abolished forthwith. Crop insurance scheme should be introduced immediately. The agriculturists and the agricultural labour should be covered by insurance. The Central Government under the dynamic leadership of Shrimati Indira Gandhi, who is committed to the common weal, should give succour to those whose sweat and blood feed the nation as a whole.

With these words, I think you for giving me an opportunity to say a few words and I resume my seat.

DR. DEPUTY-SPEAKER: I call Mr. Uttam Rathod. The best speaker is the last speaker. Now, before he starts let me say this: This discussion is for 4 hours. We will have to complete the discussion by 6 P.M. including the reply by the Minister and the Mover.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI (Patna): How is it possible? Time is not enough.

SHRI MOOL CHAND DAGA: Will you allow me to speak?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Yes.

SHRI ARIF MOHAMMAD KHAN (Kanpur): You say you will give us time to speak, including reply of the Minister and the Mover. How it is to be over at 6 O'clock? (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Every speaker should take less time, I have told this. Of course it is a special discussion. I can't be very strict also. I would appeal to every hon. Member not to take more than 7 minutes.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI: How much time you gave to him?

MR. DEPUTY-SPEAKER: DMK has 10 minutes; I have given 12 minutes; I am impartial. I am always very impartial.

SHRI RAMAVATAR SHASTRI: You should give time to others also (*Interruptions*).

MR. DEPUTY-SPEAKER: Hon. Members, I have an announcement to make.

At 5-50 P. M. Shri P. V. Narasimha Rao will lay on the Table a copy of the Joint Declaration (Hindi and English version) issued on the conclusion of the State visit to India of H. E. Mr. Leonid I. Brezhnev, General Secretary of the CPSU and Chairman of the Presidium of the supreme Soviet of the USSR.

Mr. Rathod, if there is no repetition in your speech, I am sure, you will be able to complete your speech in 5 minutes. There should be no repetition.

श्री उत्तम राठौर (हिंगोली) : मैं चित्त बसु जी का बहुत कृतज्ञ हूं कि उन्होंने इतना अच्छा प्रस्ताव इस सदन में रखा है और जिस पर दोनों तरफ के लोगों के लिए बोलना अनिवार्य हो गया है। मुझे खुशी है कि आज एक ऐसा मौका है जबकि दोनों तरफ के लोग एक ही आवाज से यहां बोल रहे हैं। मुझे एक डर लग रहा है कि जब हम आखिरी निर्णय पर पहुंचेंगे और हमारा निर्णय मंत्री महोदय मान लेंगे और लोगों को रिम्युनरेटिव प्राइसिस देंगे तब कहीं.. (**व्यवधान**) कंज्यूमर के हितों की रक्षा करने का झंडा उठाकर खड़े न हो जाएं। आज तो आप जरुर बोल रहे है लेकिन तब बोलिय मत, इतना ही मुझे कहना है।

इस मुल्क का सौभाग्य है कि यहां पर खेती में बसने वाले लोगों की तादाद लगभग सत्तर परसेंट है। परसों हमारे योजना मंत्री तिवारी जी ने बताया कि देश में बेरोजगार लोगों की तादाद बहुत ज्यादा बढ़ रही है लेकिन खेती ही एक ऐसा धंधा है जो कम से कम कैपिटल इनवैस्टमेंट पर हम शुरु कर सकते हैं। लिहाजा हमसे ऐसी कोई गलती नहीं होनी चाहिये जिससे लोग खेती करने से

[श्री उत्तम राठौर]

बाज आ जाएं और इस धंधे को छोड़कर दूसरे किसी धंधे में चले जाएं। इस वास्ते इस प्रस्ताव पर आपको ठंडे दिमाग से सोचना होगा और सब से ज्यादा सोचने का जो बोझ है वह हमारे मंत्री जी पर है। उनको काश्तकारों को ऐसे दाम देने चाहिये जिससे उनका रहना आसान हो जाय और अपने बच्चों को वह पढ़ा-लिखा सकें, अच्छी जिन्दगी बसर कर सकें।

एक वक्त था जब यह कहा जाता था कि किसान कर्ज में पैदा होता है और कर्ज में मरता है। अभी कुछ फर्क पड़ा है। तब वह साहूकार का कर्जदार होता था आज वह इंस्टीट्यूशनल कर्जदार है। लेकिन उस की वह हालत बरकरार है इसको भी हमें नहीं भूलना चाहिये। अगर हम चाहते है कि किसान की हालत दुरुस्त हो तो उनको जो इनफ्रास्ट्रक्चर चाहिये उसको हमें मुहैया करना चाहिये। जैसा स्पैरो जी ने कहा इरिगेशन की फैसिलिटी बिजली, खाद, पैस्टीसाइडज, कोल्ड स्टोरेज, गोडाउंज, लौंज आदि की फैसिलिटीज हम को उनके लिए मुहैया करनी चाहिये। कम इंटरेस्ट पर लोन उसको हमको देना चाहिये। जब तक यह सब नहीं होगा और बढ़े हुए दाम उसको नहीं दिए जाएंगे तब तक हम यह नहीं कह सकते है कि यह धंधा मुनाफे का धंधा हो सकता है।

हाल ही में हमारी ए०आई०सी०सी० ने एक प्रस्ताव पास किया है जिस में कहा गया है कि आइन्दा खेती में जो फर्टिलाइजर वगैहरा लगता हैं, ट्रैक्टर, डीजल आदि की जरूरत पड़ती हैं उसकी कीमत और एग्रीकल्चर से जो कुछ मिलता है उसकी कीमत में पैरिटी लाने की कोशिश करेंगे। इस प्रस्ताव के लिए मैं कांग्रेस का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं और मन्त्री जी से प्रार्थना करता हूं कि वह इस दिशा में जल्दी कदम उठाएं।

1965 के एक एडमिनिस्ट्रेटिव आर्डर के तहत एग्रिकलचरल प्राइसिस कमीशन की स्थापना की थी। इस के ऊपर एग्रिकलचरल प्रोड्यूस की कीमतें फिक्स करने की जिम्मेदारी डाली हैं। उस में यह भी लिखा गया है कि वह कंज्यूमर के हितों का भी ध्यान रखें। लेकिन महसूस ऐसा होता है कि यह कमिशन एग्रिकल्चरिस्ट्स के हितों का ख्याल रखने के बजाय कंज्यूमर के हितों का ज्यादा ख्याल रखता है जिस ढंग से ये लोग कीमतें केलकुलेट करते हैं उसको देख कर अफसोस और अचम्भा होता है एक बार इस बात को लेकर महाराष्ट्र एसेम्बली में एक एम०एल०ए० ने कहा था कि जितने दिन तक काश्तकारी की बैल की जोड़ी खेत में काम करती हैं उतने दिन का पैसा ही उस में लगाया जाता है। आप सोचें कि यह कोई ट्रैक्टर तो है नहीं कि जब इसकी जरूरत न हो तो इसको गैरेज में बन्द कर के रख दिया जाए। रोजाना बैलों की जोड़ी को खली खिलानी पड़ती है, कुछ अच्छा दाना खिलाना पड़ता है। लेकिन उसका खर्चा शामिल नहीं किया जाता है। एग्रिकल्चरल प्राइसिस कमिशन का जो काम करने का ढंग है वह हमारे सामने आना चाहिये और उस पर डिसकशन करने का हम को मौक दिया जाना चाहिये। और इसी के लिये श्री विखे पाटिल का बिल है कि इस बौडी को स्टेट्यूटरी बौडी घोषित किया जाय ताकि उसकी रिपोर्ट पर हम विचार कर सकें और निर्णय कर सकें। ए०पी०सी० के बारे में मन्त्री जी कहते हैं कि इनके फैसले बहुत अच्छे हैं। होते होंगे, पता नहीं, लेकिन चार सदस्यों में से एक भी सदस्य नर्मदा के दक्षिण से नहीं है। क्या उधर अच्छे काश्तकार या इकोनामिस्ट्स नहीं हैं? इस देश के हर हिस्से से एक एक आदमी इसमें होता तो मुमकिन है कि ठीक पिक्चर हमारे सामने आती।

महाराष्ट्र में काश्तकारों का बड़ा भारी आन्दोलन चल रहा है वह आज कपास की

कीमतें बढ़ा रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार ने ए० पी०सी० से भी ज्यादा कपास के दाम दिये हैं, 130 रु० का ऐलान किया है। अगर इतना न देती तो न जाने आज का आन्दोलन क्या रूप धारण करता। जब हम पूछते हैं कि आप कीमतें क्यों नहीं बढ़ाते हैं तो यह कह कर छूट जाते हैं कि महाराष्ट्र सरकार ने मोनोपली परचेज किया है, कीमतें उन्होंने बढ़ायी हैं, वह और दे सकते हैं। हम क्या करें। ऐसे काम नहीं चलेगा। महाराष्ट्र ने कपास में मोनोपली परचेज किया इसलिए उनके पास थोड़ा पैसा बचा है और उसी में से ज्यादा कीमत दे रहे हैं किसानों को। यह जो उनका नुकसान हो रहा हैं इसको भरने के लिये आप लोग स्टेपिल काटन की कुछ वैल्स बाहर भेजें तो मुमकिन हैं कि वह अपना नुकसान पूरा कर सकें। अगर ऐसा नहीं किया तो मोनोपली परचेज खत्म हो जायगी। और यहां के काश्तकारों को अपना माल उन्हीं लोगों को बेचना पड़ेगा जो माल आने के बाद कीमतें घटा देते हैं और कीमतों का स्वरूप बदल कर ज्यादा कीमत लेते हैं। मन्त्री जी इस पर विचार करें और काश्तकारों को न्याय दें।

मुझे एक ही चेतावनी देनी है कि ऐसी स्थिति पैदा न करें जिससे 70 फीसदी लोग आज देहातों को छोड़ कर शहरों में बस जायें और आपके ऊपर बोझ बढ़ जाये। इतना ही मुझे कहना है।

श्री रीतलाल प्रसाद वर्मा (कोडरमा) : मान्यवर, मैं माननीय चित्त बसु के प्रस्ताव के सम्बन्ध में माननीय सदस्यों का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि आज देश में किसानों की जो समस्या विकट होती जा रही है यह पिछले 33 सालों की अदूरदर्शिता के कारण हो रही हैं। हमारे देश में देश की राष्ट्रीय आय का मूल आधार कृषि है जिसमें से 51 प्रतिशत पूरी राष्ट्रीय आय का केवल कृषि से आता है और वहां पर 70 फीसदी लोग कृषि पर ही निर्भर करते हैं। लेकिन आज उनकी हालत बहुत खराब है। 75 फीसदी लोग गरीबी की रेखा के नीचे जीवन गुजार रहे हैं। तो इसके पीछे जो औद्योगिक शक्ति का केन्द्र शहर हैं वे भारत के कृषकों का शोषण कर रहे हैं। जिस प्रकार से अंग्रेजों द्वारा औपनिवेशिक परम्परा के साथ शोषण हो रहा था उसी तरह से अंग्रेजों के जाने के बाद, जो बड़े बड़े औद्योगिक शहर हैं, जैसे मद्रास, पूना, बम्बई, दिल्ली, रांचीं बोकारो इत्यादि, वहां पर बैठे हुए बड़े बड़े पूंजीपति व्यापारी तथा कुछ सरकार के संस्थान भी भारत के किसानों का शोषण कर रहे हैं। वे किसानों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के मूल्य बांध देते हैं जो कि उचित नहीं होता है उस मूल्य को तय करते समय किसान की लागत, उसके पारिश्रमिक पर उचित विचार नहीं किया जाता है। 1965 में ए०पी०सी० की स्थापना हुई थी ताकि किसानों को उनकी वस्तुओं का उचित मूल्य दिया जा सके लेकिन वह ए०पी०सी० किसानों के लिए बिल्कुल हेडेक साबित हुआ ए०पी०सी० में कुछ आई०ए०एस० आफिसस और कुछ चीफ मिनिस्टर्स होते हैं जोकि किसानों के दुःख दर्द को नहीं समझते, आपस में बातचीत करके कोई एक दाम बांध देते हैं। किसानों को उचित मूल्य देने के बारे में वहां पर विचार नहीं किया जाता।

ऐसी दशा में आप जानते हैं आज सारे देश में किसान आन्दोलन और क्रांति के मार्ग पर अग्रसर हों रहे हैं। सबसे पहले तामिलनाडू में कुछ वर्ष पहले इस प्रकार का आन्दोलन प्रारम्भ हुआ था। रास्ता रोको, काम रोको, बंध, सत्याग्रह आदि कार्यक्रम चलाकर किसानों ने दाम फिक्स करवाये थे और आज कर्नाटक, महाराष्ट्र तथा अन्य प्रान्तों में इस प्रकार के आन्दोलन चल रहे हैं। मेरा निवेदन यह है कि केवल भाषण दे देने से हरित क्रांति नहीं आ सकती है। जो कार्यक्रम आपके भाषणों में आते हैं उनको जब तक आप वास्तविक रूप से जमीन पर नहीं उतारेंगे तब तक किसानों की समस्यायें दूर नहीं हो सकती

[श्री रति लाल प्रसाद वर्मा]

हैं । ए० पी० सी० किसानों के दर्द की दवा नहीं बन सकी है, वह तो किसानों को गुमराह कर रही है । आज महाराष्ट्र में किसान जो आन्दोलन कर रहे हैं कि गन्ने की प्राइस 130 रुपए प्रति टन की जगह पर 300 रुपए प्रति टन की जाए और प्याज का मूल्य 100 रुपये क्विंटल किया जाए उसका कारण यह है कि देश के 50 फीसदी प्याज का उत्पादन महाराष्ट्र में होता है और कुल गन्ने का एक तिहाई वहां पैदा होता है लेकिन अगर सिंचाई की व्यवस्था देखी जाए तो 9.2 प्रतिशत जमीन की सिंचाई वहां पर उपलब्ध है। किसान परिश्रम करके अपना पसीना बहा कर इन चीजों को पैदा करता है लेकिन उसको उसका उचित दाम नहीं मिलता है। आप फर्टिलाइजर भी सस्ता नहीं देते। आज उर्वरक के दाम कितने बढ़ गए हैं और ट्रैक्टर के दाम कहां पहुंच गए हैं ? एक किसान जो ट्रैक्टर लेता है उसको उसके लिए वित्तीय संस्थाओं का ऋण 7–8 किस्तों में चुकाते-चुकाते एक लाख से ऊपर भुगतान करना पड़ता है । इस प्रकार से किसान समाप्त हो जाता है। कृषि उपकरणों के दाम कभी नहीं घटते, सिंचाई की व्यवस्था नहीं की जाती, बिजली की कोई गारन्टी नहीं रहती, पंपिंग सेट्स का दाम निश्चित नहीं रहता। पिछले बजट सत्र में वित्त मंत्री जी ने कहा था कि हम जीवनोपयोगी वस्तुओं पर से एक्साइज ड्यूटी खत्म कर रहे हैं, तीस लाइफ सेविंग ड्रग्स के दाम घटाने की बात कही गई थी लेकिन एक के भी दाम नहीं घटे । इसी प्रकार से उन्होंने कहा था कि स्यूइंग मशीन सस्ती मिलेगी लेकिन रीटा स्युइंग मशीन के दाम 435 से बढ़कर 500 रु० हो गए हैं । फिर एक्साइज छोड़ने से क्या लाभ हुआ ? साइकल, बल्ब, टूथ-पेस्ट, प्रेशर कुकर—हर चीज के दाम पहले से ज्यादा हो गए हैं । इससे क्या फायदा हुआ, किसानों की कौन सी प्रगति हुई । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जब भी प्राइस फिक्स करना हो, तो किसान की प्रगति को ध्यान में रखते हुए विचार करना चाहिए । औद्योगिक उत्पादन के मूल्य में और कृषि उत्पादन के मूल्य में विरोधाभास नहीं होना चाहिए, संघर्ष नहीं होना चाहिए इन सब बातों को ध्यान में रखकर विचार करना होगा । औद्योगिक उत्पादन के लागत मूल्य को और किसान के लागू लागत मूल्य को ध्यान में रखकर निर्णय करना चाहिए, लेकिन ऐसा होता नहीं है इसलिए मिल-मालिक और सारी व्यापारिक संस्थायें बाजार में हावी हैं और नियंत्रण रखा हुआ है, इसी वजह से किसानों का शोषण होता है । किसान को जो दाम मिलता है, उससे उसका जीवन स्तर सुधर नहीं सकता है और न ही वह प्रगति कर सकता है, इसलिए इस ओर भी सरकार को विचार करना होगा

आज हर चीज के दाम बढ़ गए हैं, मंहगाई बढ़ती जा रही है । हमारे देश में 70 फीसदी किसानों की आबादी है, इनकी तरफ किसी ने भी ध्यान नहीं दिया कि उनकी प्रगति होनी चाहिए । हमने बड़ी-बड़ी इंडस्ट्री लगाई और उन पर काफी पैसा भी इनवैस्ट किया और इसी तरह से मैं यह कहना चाहता हूं कि हमने अधिक पैसा कृषि पर न लगाकर हैवी इन्डस्ट्री पर लगाया, जिसके कारण से हमको छः हजार करोड़ रु० का अनाज विदेशों से मंगाना पड़ा । अगर इसी तरह से यह सिलसिला चलता रहा तो हमारे देश के 70 फीसदी किसानों की प्रगति नहीं हो सकती है । इसलिए इस संबंध में मैं दो-तीन सुझाव देना चाहता हूं, जिससे कि इस समस्या का समाधान हो सके ।

आप कहते हैं कि हम किसानों को लाभकारी मूल्य देंगे । माननीय मंत्री जी ने

राज्य सभा में घोषणा की थी कि हमने लवी को खत्म कर दिया है, लेकिन बिहार में हमारे मुख्य मंत्री ने प्राइस-पैडी प्रोक्योरमेंट आर्डर, 1980 को परसों साइन किया है और उसक द्वारा जो मिल वाले हैं, वे दो हजार क्विंटल पाउडिंग देते हैं, तो उसको माफी होगी । लेकिन इसी तरह से होल-सेलर्स लैवी में एक हजार क्विंटल देते हैं तो उससे मुक्ति मिलती है और इस प्रकार बड़े-बड़े बिजनेसमैन और मिल वाले 20-25 रु० प्रति क्विंटल काट कर उसकी क्षतिपूर्ति करेंगे । इससे किसानों को भारी समस्या होगी । इस प्रकार का आर्डर बिहार में दो दिन पहले ही पेश हुआ है ।

श्री बीरेन्द्र सिंह राव : लैवी तो होनी चाहिए ।

श्री रीत लाल प्रसाद वर्मा : : मैं दूसरी बात प्राइस फिक्सेशन के बारे में कहता हूं । ए० पी० सी० देश भर के लिए नहीं कर सकता है, क्योंकि बहुत सा अनाज जो किसान पैदा करता है, वह हर राज्य में अलग अलग है । कहीं तम्बाकू पैदा होती है, कहीं मूंगफली और कहीं कपास पैदा होती है, तो इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि एक स्थिर प्राइस बोर्ड का गठन होना चाहिए, जिसमें किसानों के प्रतिनिधि, खेत मजदूरों के प्रतिनिधि और जनता के प्रतिनिधि होने चाहिएं और इसके साथ जो आंकड़ों में एक्सपर्ट हों, उन सबके इसमें रिप्रजन्टेटिव होने चाहिए, जो कि दाम को ठीक से बांधें, जिससे किसान और देश दोनों की प्रगति हो सके और विकास हो सके । इस तरह की व्यवस्था जैसे कि दिल्ली पचास मील तक फैल जाए, चारों तरफ जगमगाहट हो, लक्जरी रूम बनाए जाएं, इस तरह की व्यवस्था से देश की प्रगति नहीं हो सकती है । किसानों की प्रगति तभी होगी, जब हम झोंपड़ियों में रहने वाले जो किसान हैं, उनको डीजल, पैट्रोल, सीमेंट, लोहा, और कोयला और जो उसके काम में आने वाली चीजें हैं, वे आसानी से मिल सकें और इसके साथ-साथ कपड़ा, रहने के लिए मकान की ओर भी हमको ध्यान देना पड़ेगा, तभी किसानों का भला हो सकता है, जो कि गरीबी की रेखा से नीचे रहते हैं । महात्मा गांधी, लोकनायक जयप्रकाश नारायण और दीनदयाल जैसे महान नेताओं ने भी कहा था कि यदि देश की प्रगति करनी है, तो हमें किसानों की प्रगति की ओर देखना चाहिए ।

इन शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया ।

श्री जैनुल बशर (गाजीपुर): माननीय उपाध्यक्ष जी, आज खेत की पैदावार के लाभकर दामों के सिलसिले में यह माननीय सदन विचार कर रहा है और आज की सब से खास बात यह है कि यह प्रस्ताव लेफिटिस्ट कही जाने वाली पार्टी की तरफ से आया है और लेफटिस्ट नेताओं ने किसानों को अधिक दाम दिये जाने की बड़ी जोरदार वकालत की है । मैं कम्यूनिस्ट पार्टी के सिद्धांतों को अच्छा समझूं या खराब, लेकिन मैं एक बात मानता था कि वे सिद्धांत के के पक्के होते हैं, लेकिन आज के उनके भाषण को सुन कर मुझे अपनी यह राय भी बदलनी पड़ेगी आज से 6 महीने पहले अगर कोई आदमी किसानों की पैदावार का लाभकारी मूल्य देने की बात कहता था तो पे लेफटिस्ट कहे जाने वाले लोग उस को "कुलक" कहते थे ।

आज एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन के खिलाफ हमारे बहुत से विद्वान सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किये, जैसे यह कमीशन कोई ऐसी चीज है जो बहुत घृणित है, जिस ने बहुत बुरा काम किया है ।

[श्री जैनुल बशर]

उपाध्यक्ष जी, मुझे दुख इस बात का है कि आज किसानों के इतने बड़े मामले में विरोधी दलों के बड़े-बड़े नेताओं ने भाग नहीं लिया । आज चौधरी चरण सिंह यहां होते, अटल बिहारी वाजपेयी जी यहां होते, दूसरे बड़े नेता यहां बैठ होते तो मुझे कहने में कुछ अच्छा लगता, फिर भी मैं कह सकता हूं–1977 के पहले जब जनता पार्टी नहीं थी, अलग-अलग पार्टियां थीं, उन्होंने गेहूं का 125 रुपये क्विंटल का भाव मांगा था और गन्ने का भाव 20 रुपये से 25 रुपये का मांगा था जब उन पार्टियों की जनता पार्टी बनी और वे सरकार में आये तो ए. पी. सी. ने उन को भी प्रभावित कर दिया और कमीशन के तर्क को उन को भी मानना पड़ा—वे 105 रुपये क्विंटल गेहूं का भाव और 13 रुपये क्विंटल गन्ने का भाव देकर हट गये । इस का मतलब है....

17.50 hrs.

PAPER LAID ON THE TABLE

JOINT DECLARATION ON STATE VISIT TO INDIA BY MR. LEONID I. BREZHNEV

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI P. V. NARASIMHA RAO): I beg to lay on the Table a copy of the Joint Declaration (Hindi and English versions) issued on the conclusion of the State visit to India of H. E. Mr. Leonid I. Brezhnev, General Secretary of the CPSU and Chairman of the Presidium of the Supreme Soviet of the U.S.S.R. [*Placed in Library. See* No. LT—1549/90]

17.52 hrs.

MOTION RE: REMUNERATIVE PRICES TO FARMERS FOR AGRICULTURAL PRODUCE—*Contd.*

श्री जैनुल बशर (गाजीपुर) : मैं निवेदन कर रहा था कि ए. पी. सी. के जो आर्ग्यूमेंटस थे, उनसे जनता पार्टी के नेता भी प्रभावित हो गये और उन्होंने भी किसानों के दाम नहीं बढ़ाये । मेरे पास अधिक समय नहीं है, मैं बहुत डीटेल में नहीं जाना चाहता, लेकिन मैं अपने इन साथियों से पूछना चाहता हूं कि इस देश में जो 70–75 फीसदी किसानों की बात की जाती है उन में कितने फीसदी किसान स्माल-फार्मर्स हैं, कितने फीसदी किसान मार्जिनल-फार्मर्स हैं और कितने फीसदी लैण्ड लेस फार्मर्स हैं । खुद डा० लोहिया ने, जो इन बहुत सारे लोगों के पैगम्बर थे, कहा था–सवा छः एकड़ से कम की जोत अलाभकार है । सवा 6 एकड़ से कम की जोत अलाभकारी है उसका लगान माफ होना चाहिए । तो कितने फीसदी सवा 6 एकड़ से कम के किसान हैं ? केवल 20–30 फीसदी किसान ऐसे होंगे जो कि अपने अनाज को, अपने गल्ले को या और चीजों को बाजार में बेचते होंगे । आप देखिए कि आज किस चीज का टकराव है । आज बड़ा किसान यह सोचता है कि उद्योगपति को और व्यापारी को लाभ हो रहा है वह कमा रहा है और बड़े किसान को पैसा नहीं मिल रहा है, इसमें दो राय नहीं हैं उपाध्यक्ष जी कि आज उद्योगपति और व्यापारी पैसा कमा रहे हैं, उन पर काबू पाया जाना चाहिए, लेकिन सरमाएदारों का एक और क्लास हम पैदा नहीं कर सकते । गांव में रहने वाले पूंजीपतियों का एक और क्लास हम पैदा नहीं कर सकते जो बिना पूंजी के, बिना सरमाए के लोगों का शोषण कर रहा है, अगर उसके पास पूंजी दे दी जाए तो फिर इस देश में समाजवाद की बात आप नहीं कर सकते इस देश में आप लोगों को न्याय दिलाने की बात नहीं कर सकते,